(ix) संविदा शर्तों में विशेष रूप से यह वर्णित करने की आवश्यकता है कि प्रस्तावकों द्वारा दी गई मशीनों का स्वामित्व संबंधी दस्तावेज का कौन-सा पहलू निविदा समिति द्वारा जाँचा जायेगा। संविदा शर्तों में इसका प्रावधान प्रस्तावकों को ऐसे दस्तावेज प्रदान करने के लिए सचेत करेगा और इस आधार पर किसी प्रस्ताव को मंजूर करने या अस्वीकार करने में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। सतर्कता अन्वेषण के दौरान यह देखा गया है कि निविदा समिति द्वारा यह पहलू नहीं देखा जाता है।

(x) मशीनों को चलाने के लिए बिजली एवं जल की आपूर्ति का वर्णन होना चाहिए। इसका वित्तीय निहितार्थ है।

(xi) संविदा में निर्दिष्ट होना चाहिए कि संवेदक को सफाई सामग्रियों एवं मशीनों के रखने के लिए जगह की व्यवस्था खुद करनी होगी या इसके लिए उन्हें रेल के द्वारा जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

(xii) यँत्रीकृत सफाई के लिए जिस उपकरण का उपयोग किया जायेगा उसके लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध का प्रावधान रखना चाहिए। नामित रेलकर्मियों द्वारा उपकरणों की नियमित जाँच के लिए निविदा शर्त में प्रावधान करना चाहिए। मशीनों के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध की जाँच के अभिलेख को भुगतान के लिए आवश्यक दस्तावेज बनाया जाना चाहिए।

(vi) If codal life of a machine is 6 months and 2 numbers of such machines are estimated to be required at a time for the whole area, then it should be ensured that the firm provides ownership documents for at least 2 such machines with the offer.

(vii) The tender committee also needs to examine that of which period the ownership document of machines has been provided by the contractor/offerer. For a machine whose codal life is 6 months, provision of ownership documents five years prior to the date of tender opening has no relevance.

(viii) Provision of document for ownership of machines once along with the offer will not serve the whole purpose. Estimate how many numbers of machines of a particular type are required during the whole contract period and then make provision for asking the contractor to provide ownership documents for machines during the execution of the contract also.

(ix) It needs to be mentioned specifically in the contract condition that what aspects for ownership of machines by the offerer will be examined by the TC. Provision of this condition in the contract condition will make the offerer cautious in providing suitable document for ownership and will ensure transparency in considering or passing over an offer on this ground. During vigilance investigations, it has been seen that this aspect goes unnoticed by the tender committee.

(x) Do mention the source of power for operation of the machines & supply of water. It has got financial implication.

(xi) Specify in the contract that whether the contractor has to make his own space arrangement for keeping inventories like cleaning materials and machines or you intend to provide space for the same.

(xii) Keep provision for AMC of the equipments to be used for mechanized cleaning. In the tender condition itself make provision for routine check of equipments by nominated officials. Records of check on the aspect of AMC of machines to be made part of document required for payment.

(xiii) संविदा में प्रत्येक सफाई सामग्री के लिए उसकी मात्रा, गुणवत्ता एवं विनिर्देशन तथा प्रत्येक सामग्री की कितनी मात्रा एक समय में संवेदक को रखना है, यह निर्धारित किया जाना चाहिए। सामान्यीकृत प्रावधान यथा- 'सफाई सामग्रियों की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिए ताकि उचित सफाई तथा स्वच्छता रखी जा सके', नहीं किया जाना चाहिए।

(xiv) यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'समरूप कार्य' का अनुमोदन सक्षम पदाधिकारी द्वारा लिया गया है। संविदा शर्त में सही 'पात्रता शर्त्त' का मानदंड वर्णित करना चाहिए।

कार्य का निष्पादन एवं भुगतान-

(i) सतर्कता जाँच एवं अन्वेषण के दौरान यह देखा गया है कि पर्यवेक्षक (स्टेशन अधीक्षक या मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक), जिन्होंने सफाई कार्य करवाया है, वे संविदा करार में वर्णित प्रावधानों से अवगत नहीं हैं। यहाँ तक कि संविदा करार की एक प्रति भी उन्होंने अपने पास नहीं रखी थी। संबंधित पर्यवेक्षक को संविदा करार की एक प्रति उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए। नियमित निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अवश्य यह जायजा लिया जाना चाहिए कि संबंधित पर्यवेक्षक संविदा की शर्तों और नियमों से अवगत हैं या नहीं।

(ii) संविदा की शर्तों एवं नियमों के अनुसार सफाई सामग्रियों की गुणवत्ता की जाँच घरेलू या बाहरी एजेन्सी के द्वारा करने का प्रावधान रखना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस संदर्भ में नामित अधिकारियों द्वारा जाँच किया जाता है और उचित अभिलेख तैयार किया जाता है।

(iii) कार्य के प्रतिदिन के निष्पादन को दर्ज करने के लिए व्यवहार में लाए जाने वाले दस्तावेज परिभाषित किए जाने चाहिए। इन दस्तावेजों के मानक फार्म को संविदा दस्तावेज का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्य की प्रतिदिन के निष्पादन के लिए इन दस्तावेजों या अभिलेखों पर कौन और कब हस्ताक्षर करेगा इसको भी निविदा शर्त में विशेष रूप से वर्णित करना चाहिए। एक मामले के अन्वेषण के दौरान यह पाया गया कि माह के अंत में प्रतिदिन कार्य निष्पादन का रपट भरा जाता था और वो भी संवेदक के प्रतिनिधि के द्वारा!

(xiii) Define provision of each cleaning material for the contract in terms of their quantity, quality, and specification and how much inventory the contractor has to maintain at a particular time. Do not keep generalized provisions like - "cleaning materials provided should be of such quality so as to maintain proper cleanliness and hygiene".

(xiv) Ensure that for 'similar work', approval of competent authority has been taken. Mention the correct 'Eligibility Criteria' in the contract condition.

Execution of the work and payment -

(i) It has been observed during vigilance checks and investigations that the supervisors (SS or CHI) who have to get the work executed are not aware of the provisions in the contract agreement. They didn't have even a copy of the contract agreement. Arrange to provide a copy of the contract agreement to concerned supervisor. During routine inspections, officers must take a stock that whether the concerned supervisor is aware of the terms and conditions of the contract or not.

(ii) Keep provision for conducting quality check of the cleaning materials either in house or by an outside agency in the terms and conditions of the contract. Ensure that checks are conducted by nominated officials in this regard and proper records maintained.

(iii) Define the documents to be used for recording daily performance of the work. Standard form of these documents should be made part of the contract document. Mention specifically in the tender condition itself that who will sign on these records/documents for daily performance of the work and when. In a case, it was noted during investigation that daily performance report was filled up at the end of the month and that too by the representative of the contractor!

(iv) एक ही दस्तावेज पर सभी गतिविधियों के निष्पादन का रपट नहीं भरा जाना चाहिए। स्पष्टता के लिए, सामग्री की उपलब्धता के लिए, मशीनों के चालू एवं बंद होने और कर्मचारी की तैनाती के लिए अलग-अलग अभिलेख रखने चाहिए।

(v) जाँच के विभिन्न स्तरों को परिभाषित करना चाहिए। संविदा शर्तों में विस्तृत वर्णन करना चाहिए कि कौन रेलकर्मी संतोषप्रद कार्य निष्पादन की जाँच करेंगे और इन कर्मियों द्वारा की गयी जाँच को वर्णित करने के बाद बनाये जाने वाले रिपोर्ट के परिपत्र का प्रारुप भी वर्णित होना चाहिए। एक मामले के अन्वेषण के दौरान यह पाया गया था कि करार में न तो विनिर्दिष्ट निरीक्षण का प्रावधान था और न ही किसी पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

(vi) प्रत्येक नहीं की जानेवाली गतिविधि के लिए दण्ड परिभाषित किया जाना चाहिए। जुर्माना राशि टोकन नहीं होना चाहिए बल्कि पर्याप्त होना चाहिए। संविदा में यह परिभाषित करना चाहिए कि गैर-प्रदर्शन की किन परिस्थितियों में संविदा समाप्त करना संभाव्य होगा।

(vii) संविदा में यह परिभाषित होना चाहिए कि किस रेलकर्मी के प्रमाणपत्र के आधार पर भुगतान किया जाएगा। चिकित्सा एवं वाणिज्य दोनों विभागों द्वारा सफाई संविदाएँ निर्णित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज में प्राय: यह वर्णित रहता है कि प्रतिदिन का कार्य निष्पादन/प्रदर्शन रपट स्वास्थ्य निरीक्षक/मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/उप स्टेशन अधीक्षक/स्टेशन अधीक्षक/सहा.स्टेशन मास्टर/स्टेशन मास्टर द्वारा हस्ताक्षरित होगा। इस परिस्थिति में जो भी रेलकर्मी स्टेशन पर उपस्थित होते हैं वही प्रतिदिन के प्रदर्शन रपट पर हस्ताक्षर करते हैं। सतर्कता जाँच के दौरान उन्हें जब कार्य के गैर-प्रदर्शन के बारे में पूछा जाता है तो सभी कहते हैं कि 'यह पहलू उनके द्वारा नहीं देखा गया था' या 'मैंने सोचा कि अन्य कर्मी ने इस पहलू को अवश्य चेक किया होगा।' संविदा कार्य के लिए दो कर्मी यानी कि स्टेशन अधीक्षक और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक समान रूप से उत्तरदायी नहीं ठहराये जा सकते, जब तक कि यह संविदा में यह स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है।

(iv) Do not record performance of all the activities on the same document. For the sake of clarity, records for material availability, functioning/breakdown of machines, deployment of staff should be made separately.

(v) Introduce different tiers of check. Elaborately mention in contract condition that which officials will perform checks. Describe the type of check to be performed by these officials and format of the reports to be submitted after checks also. While investigating a case, it was noted that neither the specific provision of test check was kept in agreement nor test check was done by any authority.

(vi) Define penalty for non-performance of each activity. Penalty amount should not be token rather it should be substantial. Define in the contract that under which circumstance of non-performance, the contract will be liable to be terminated.

(vii) Define in the contract itself that on whose certification, payment will be made. Cleaning contracts are finalized by both Medical and Commercial department. Very often it is mentioned in the tender document that - "daily performance report will be signed by the HI/CHI/Dy SS/SS/ASM/SM". Now whosoever is present on the station, he signs on the daily performance report. When asked about non-performance during vigilance investigation, they said that - "this aspect was not to be looked after by them" or "I thought that someone else must have already checked this aspect". For a contract, both the officials viz the SS and the CHI cannot be held equally responsible unless it has been defined categorically in the contract.

(viii) संवेदक के गैर प्रदर्शन या खराब प्रदर्शन का रिपोर्ट नियमित रूप से सभी संबंधितों को भेजने की प्रणाली बनानी चाहिए न कि केवल माँगे जाने पर ही उन्हें किसी को भेजा जाए। फर्म के प्रदर्शन के संदर्भ में अपने सहयोगी से बात करना चाहिए जिस फर्म को आप आदेश देने पर विचार कर रहे हैं।

(ix) भुगतान करते समय यह अवश्य जाँच करनी चाहिए कि सक्षम पदाधिकारी द्वारा बिल पर हस्ताक्षर किया गया है या नहीं। बिल जाँच के दौरान मंडल लेखाकार सुनिश्चित करेंगे कि बिल के साथ प्रतिदिन का प्रदर्शन रपट लगाया गया है एवं दर तथा लगाये गये दण्ड संविदा प्रावधान के अनुसार हैं या नहीं। एक मामले के अन्वेषण के दौरान यह पाया गया था कि बिल पारित करने के समय संविदा प्रमाण पत्र कनिष्ठ वेतनमान अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था, जबकि कम से कम वरिष्ठ वेतनमान अधिकारी द्वारा यह कार्य किया जाना चाहिए था।

उपरोक्त कुछ तथ्य सफाई संविदा के मामलों की सतर्कता जाँच व अन्वेषण के दौरान नोट किए गए हैं। संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराने हेतु इस लेख में अन्वेषित मामलों का संदर्भ दिया गया है ताकि संविदा के विभिन्न स्तरों पर उनके द्वारा किस प्रकार की गलतियाँ की जाती हैं इसका उन्हें पता चल सके। लेकिन एक क्षण के लिए हमें यह विचार करने की भी आवश्यकता है कि आखिर हमलोग गलती क्यों करते हैं? क्या हमें नियमों और कार्यपद्धति का ज्ञान नहीं है? नहीं, ऐसा निश्चय ही नहीं है। प्रायः बहुत बार हम गलतियाँ इसलिए करते हैं क्योंकि हम उन पर विश्वास करते हैं जिनका इरादा स्पष्ट नहीं होता है, जिन्हें जानकारी नहीं है और जिनका बिगड़ने के लिए कुछ भी दाँव पर नहीं है। कभी-कभी हम जल्दबाजी में होते हैं और काम को मूल काम नहीं समझते हैं। लेकिन वास्तव में कोई भी गतिविधि गैर केन्द्रीय नहीं होती है, इसलिए हमें सौंपे गये कार्य को अपने दिल से करना चाहिए।

इस प्रकार, आन्तरिक सतर्कता के द्वारा और थोड़ी सावधानी बरतकर सतर्कता अन्वेषण के परिणामस्वरूप अनुशासन एवं अपील से संबंधित कार्रवाई को हम रोक सकते हैं और रेल राजस्व की क्षति होने से बचा सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण पहलू है, प्रोद्यौगिकी की सहायता लेने का, जो हमारी कार्य पद्धति में सुधार लाने में हमेशा से ही अत्यंत सहयोगी रहा है।

(viii) Make a system of reporting the non-performance/poor performance of the contractor to all concerned at regular interval instead of sending the performance report when asked for by somebody. Do talk to your counterpart regarding the performance of the firm on whom you are contemplating to place order.

(ix) While making payment, must check that the bill has been signed by competent authority. Divisional Accountants (DAs), while checking the bill should ensure that the bill is accompanied by daily performance report and rates as well as penalty imposed are as per the contract provision. During investigating a case, it was noted that while passing bill, contract certificate was signed by Jr Scale officer whereas minimum level should be Sr Scale officer.

These certain aspects have been noted during investigation of vigilance cases of cleaning contracts. References of cases investigated have been made in the article to apprise the officials concerned to have an idea that what types of mistakes may be committed by them during different stages of contract. But we need to ponder for a moment that after all why do we commit mistakes? Are we ignorant of the rules and procedures? No, certainly not! Even many a times we commit mistakes because we rely upon those whose intentions are not clear, who are ignorant and whose stakes are low. Sometimes, we are in haste and consider the work a non-core activity. But in reality no activity is non-core. So let us perform every activity entrusted to us from the core of our heart.

Thus, by exercising internal vigilance and remaining a little bit careful, inviting D&AR actions resulting out of vigilance investigation can be avoided and Railway revenue be saved. One more important aspect is of taking help of technology which has always been of great help in improving our lot.

भंडार संविदा के तहत सामग्रियों की प्राप्ति

- महेश कुमार
उपमुसताधि/भंडार

- सुनिश्चित कर लें कि आपने वह क्रयादेश प्राप्त कर लिया है, जिसके तहत सामग्रियों की आपूर्ति की जानी है।
- जैसे ही क्रयादेश प्राप्त होता है, इसमें दर्ज नियमों एवं शर्तों को देखें। यदि इसमें कोई भी विसंगति पाई जाती है तो इसके सुधार/संशोधन हेतु संबंधित कार्यालयी के संज्ञान में मामले को लाएँ।
- क्रयादेश में दर्ज नियम एवं शर्तों के अनुसार प्राप्त सामग्रियों की जाँच करें।
- यदि पार्सल वे बिल प्राप्त नहीं हुआ है तो सामग्रियों को पार्सल कार्यालय से क्षतिपूर्ति बंध-पत्र पर प्राप्त करें। पार्सल कार्यालय से सामग्रियों का खुला परिदान प्राप्त करें, ताकि मार्ग में क्षति की दशा में वाहक के ऊपर दावा दायर किया जा सके।
- यदि सामग्री रेल/पार्सल से बुक किया गया है और यह समय पर प्राप्त नहीं किया जा सका है तो ऐसी दशा में पार्सल वे बिल जारी होने के एक माह के अन्दर दावा दायर करना सुनिश्चित करें।
- यह जाँच लें कि सामग्री की आपूर्ति उसी प्रेषण के माध्यम से की गई है जैसा कि क्रयादेश में उल्लेखित है यथा रेल/सड़क/जल या हवाई मार्ग। सामग्री की प्राप्ति का माध्यम साथ ही वाहन संख्या तथा तिथि एवं समय अंकित करें। अगर क्रयादेश में अंकित प्रेषण का माध्यम वास्तविक प्रेषण के माध्यम से अलग है तो इसे अंकित करें।
- यदि सामग्री की आपूर्ति मूल उपकरण निर्माणकर्ता के प्राधिकृत व्यापारी के द्वारा किया जाना है तो क्रयादेश में सीधे सुपुर्दगी की धारा का उल्लेख होता है, जिसके अनुसार सामग्री मूल उपकरण निर्माणकर्ता के क्षेत्राधिकार से कन्साईनी के यहाँ सीधे भेजा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि सामग्री मूल उपकरण निर्माणकर्त्ता से सीधे प्राप्त हुई है।
- क्रयादेश में अंकित आपूर्ति की इकाई को देखें। अगर आपूर्ति की इकाई मैट्रिक टन, किलोग्राम, इत्यादि है, तो वजन लेना सुनिश्चित करें। अगर आपूर्ति की इकाई नग, लीटर, इत्यादि है एवं आपूर्ति मात्रा की गिनती तुरन्त करना कठिन हो तो ऐसी स्थिति में कार्टून/ ड्रम्स/जार की संख्या अवश्य अंकित करें जिसके अन्तर्गत सामग्री प्राप्त की गई है। सामग्री के साथ आये व्यक्ति से पावती लें।

Receiving materials against Stores Contract

- Mahesh Kumar,
Dy. CVO(S)

- Ensure that you have received the purchase order against which the material is to be supplied.
- Go through the terms and conditions of the purchase order at once you receive it. If you find any discrepancy, bring it to the notice of the concerned official for rectification/amendment.
- Examine the material received in reference to the terms and conditions of the PO.
- Collect materials by parcel on indemnity bond if PWB has not been received. Take Open Delivery of material from the parcel office so that claim on carrier can be lodged for damage in transit.
- For consignments booked by rail/parcel, ensure to lodge claim within one month from the date of RR/PWB if material has not been received.
- Check whether the material has been supplied as per the mode of dispatch mentioned in the purchase order i.e. by rail/road/ ship/air. Mention the mode of receipt of material including vehicle number and date and time of receipt of material. If the actual mode of dispatch is different from that mentioned in PO then record it.
- For materials to be supplied by authorized dealers of the OEMs, direct delivery clause from the premises of the OEM to the consignee end without routing through the dealer is mentioned in the PO. Ensure that the supply is being received directly from the OEM.
- See the unit of supply of the material in PO. If the unit of supply is in MT, Kg, etc. ensure to take weighment. If unit of supply is in numbers, ltrs, etc which makes it difficult to assess the quantity supplied immediately, do mention the number of cartoons/drums/ jars in which supply has been received. Take acknowledgement of the person accompanying the material.

- अगर सामग्री की आपूर्ति जार/ड्रम के द्वारा की गई हो तो क्रयादेश में अंकित इसकी क्षमता/प्रकार से मिलान करना चाहिए। जाँच करें कि जार/ड्रम प्रथम दृष्ट्या टूटा हुआ तो नहीं प्रतीत होता है।
- जाँच करें कि क्रयादेश में अंकित पैकिंग की स्थिति के अनुसार सामग्री की आपूर्ति की जा रही है अथवा नहीं। यह उस मद के लिए महत्वपूर्ण है जिसके परिवहन के दौरान टूटने की संभावना बनती है यथा सेफ्टी ग्लास, आदि। ऐसे मद के लिए क्रयादेश में पैकिंग धारा में विशेष प्रावधान अंकित होता है तथा पैकिंग का चार्ज सामग्री की कीमत में निहित रहता है।
- क्रयादेश में वर्णित सामग्रियों की आपूर्ति की शर्त्त, जैसे बेयरिंग की आपूर्ति मूल निर्माता के वास्तविक पैकिंग में हो, के अनुरूप ही मूल निर्माता के वास्तविक पैकिंग में सामग्री की प्राप्ति सुनिश्चित करें।
- यदि सामग्री पूर्व निरीक्षित हो तो यह सुनिश्चित करें कि आपूर्ति के साथ निरीक्षण प्रमाण पत्र एवं संबंधित जाँच रपट अवश्य संलग्न हो। निरीक्षण प्राधिकारी जैसे राइट्स के द्वारा निरीक्षण प्रमाण पत्र के क्रेता की प्रति क्रेता को अग्रिम रूप से भेज दी जाती है। जाँच लें कि निरीक्षण प्रमाण पत्र के क्रेता की प्रति पहले ही प्राप्त कर ली गई है।
- आयातित भंडार के निरीक्षण एवं आपूर्ति के समय आयात दस्तावेजों की प्रस्तुति का तथ्य जैसे कस्टम पास बिल ऑफ इन्ट्री, बिल ऑफ लेडिग/एयर वे बिल, निर्माता द्वारा जारी सामग्री जाँच प्रमाण पत्र/गारन्टी प्रमाण-पत्र, उत्पादन करनेवाले देश से संबंधी प्रमाण पत्र, निर्माता का इनवॉइस, आदि जाँच लें। निरीक्षण प्राधिकारी को निरीक्षण प्रमाण-पत्र में यह पुष्टि करना होता है कि आयात से संबंधित दस्तावेजों की जाँच कर ली गई है। निरीक्षण प्रमाण-पत्र पर इस तरह की पुष्टि को अवश्य देखें।
- आयातित दस्तावेजों की प्रस्तुति से आयातित सामग्री की प्रामाणिकता का पता चलता है और इसके दर की उपयुक्तता साबित होती है। यदि क्रयादेश में निरीक्षण एवं आपूर्ति के समय आयातित दस्तावेजों की प्रस्तुति की शर्त्त का उल्लेख नहीं हो तो क्रय करनेवाले अधिकारी को क्रयादेश आशोधन हेतु लिखें।
- आपूर्ति की गई सामग्री पर अलग न होनेवाले निरीक्षण प्रतिकृति की उपलब्धता की जाँच करें और सुनिश्चित करें कि यह निरीक्षण प्रमाण पत्र पर उल्लेख के अनुरूप हो।

- If supplies have been made in jars/drums, match it with the capacity/type of jar/drum mentioned in the PO. Check whether any of the jars/drums seem to be broken or damaged prima facie.
- Check the packing condition mentioned in the PO and ensure that whether material being supplied has been packed accordingly or not. This is important for items like safety glass, etc. for whom there is chance of getting damaged in transportation. For such items special packing clause is mentioned in the PO for which charges are paid to the firm/ included in the cost of material.
- Conditions for supply of items like bearings in original packing of the OEM are mentioned in PO. Ensure that supplies have been made in original packing of the OEM.
- If the supply is pre-inspected, ensure that it is accompanied with inspection certificate and relevant test report. Inspecting agency like RITES sends purchaser's copy of IC in advance. Check that whether purchaser's copy of IC has been received by you earlier.
- For imported stores, condition for furnishing import documents like customs out passed Bill of Entry, Bill of Lading/Air Way Bill, Manufacturer's MTC/GC, Country of Origin Certificate and Manufacturer's Invoice are to be furnished at the time of inspection and supply. The inspecting official has to endorse in the IC that import documents have been examined. See this endorsement in the IC.
- Furnishing of import document for imported stores is to ensure genuineness of the material and its purchase at correct price. If condition for furnishing import documents at the time of inspection and supply is not mentioned in the PO, ask the purchase office for amendment.
- Check the non-detachable inspection facsimile available on the material supplied and ensure that it is as mentioned in the IC.

- कभी कभी प्रत्येक सामग्री विशेष पर निरीक्षण प्रतिकृति नहीं लगाई जाती है, बल्कि कुछ मामलों में यह देखा जाता है कि निरीक्षण प्रतिकृति उस पैकिंग/कार्टून पर लगाई गई है जिसमें सामग्री की आपूर्ति की गई है। यह अंकित करें कि आपूर्तित की गई सामग्री पर निरीक्षण प्रतिकृति कैसे एवं कहाँ लगाई गई है। ऐसा करना इसलिए उपयोगी होगा क्योंकि भविष्य में संयुक्त निरीक्षण की आवश्यकता पड़ सकती है। यदि सामग्री के ऊपर निरीक्षण प्रतिकृति लगाई गई है तो यह ज्यादा समय तक नहीं भी टिक सकती है।
- कार्टून एवं पैकिंग पर लगाई गई निरीक्षण प्रतिकृति की कुछ मात्रा संबंधित मिसिल में अवश्य रखें। ऐसा करना इसलिए उपयोगी होगा क्योंकि भविष्य में सामग्री के संयुक्त निरीक्षण की आवश्यकता पड़ सकती है।
- यदि आपूर्तित सामग्री की पूर्व में भी आपूर्ति की गई है तो इसका मिलान पूर्व में की गई आपूर्ति से करें। यदि किसी तरह का कोई अंतर पाया जाता है तो आपूर्ति की गई सामग्री के विवरण एवं विनिर्देश का मिलान पूर्व में की गई आपूर्ति के विवरण एवं विनिर्देश से करें।
- यह जाँच करें कि सामग्री पर निर्माता का नाम, सामग्री के निर्माण का माह एवं वर्ष क्रयादेश की धारा के अनुसार समुद्भरित है अथवा नहीं।
- समुद्भरण की प्रकृति ऐसी होनी चाहिए जिससे सामग्री का संरचनात्मक स्थायित्व एवं इसकी उपयुक्तता प्रभावित न हो। लघु आकार के मदों जैसे रबर के गैस्केट, आदि पर समुद्भरण संभव नहीं होता। ऐसी परिस्थिति में क्रयादेश में उल्लेखित समुद्भरण संबंधी धारा की जाँच करें एवं उक्त धारा के अनुसार सामग्री समुद्भरित की गई है, ऐसा सुनिश्चित करें।
- यदि किसी सामग्री या इसके घटक पर किसी दूसरे प्रतिष्ठान का नाम अंकित हो तो उसे दर्ज करें और आपूर्तिकर्ता से लिखित रूप में इसका कारण पूछे।
- कुछ सामग्रियाँ ऐसी होती हैं जिनका जीवनकाल सीमित अवधि के लिए होता है। ऐसी सामग्रियों के आपूर्ति आदेश में यह देखें कि सामग्री के निर्माण की अवधि एवं उसके आपूर्ति की अवधि का उल्लेख है या नहीं। आपूर्ति आदेश के अनुसार सामग्री के निर्माण एवं आपूर्ति की अवधि का मिलान सुनिश्चित करें।
- यदि आपूर्ति तिथि समाप्त हो तो सामग्री का बिना अवधि विस्तार के लेखाकरण न करें।

- Sometimes inspection facsimile is not put on each individual item. Rather, in some cases, it has been seen that inspection facsimile is put on the packing/cartoon in which the material is supplied. Record it that how and where inspection facsimile was pasted and available along with the supply. This will be helpful in arranging joint inspection in future, if required, as the inspection facsimile pasted on the material may not last for long.
- Do keep a few inspection facsimile especially pasted on cartoons and packing in your case file. This will help in future if any joint inspection is required to be arranged for the material.
- If the item is not new, match it with the earlier supplies. If you find any difference with the earlier supplies, match the description and specification of the item supplied and item received earlier.
- Check that whether embossing of manufacturer's name, make, month and year of manufacture are available on the material as per the embossing clause of PO or not.
- Embossing is to be done on materials without affecting their structural stability and functional utility. Some items like gasket of rubbers, etc are so small that embossing on them is not possible. Under this circumstance, examine the provision of embossing clause in PO and see that the materials are embossed accordingly.
- If names of other firms are found embossed on the material or its component, then record it and ask the supplier of its reason to be given in writing.
- For shelf life items, see that whether the range of date of manufacturing and date of supply is mentioned in the PO or not and ensure that supply has been made accordingly.
- If delivery period has been over, then do not account for the material until extension of delivery period is granted by the purchase authority.

- यदि आपूर्ति की गयी सामग्री दोषयुक्त हो तो तुरन्त अस्वीकृति पत्र जारी करें और संयुक्त निरीक्षण हेतु प्रतिष्ठान एवं निरीक्षण संस्था को बुलावा भेजें। प्रतिष्ठान को बिना संयुक्त निरीक्षण के दोष युक्त सामग्री का उठाव न करने दें।
- यदि अस्वीकृत सामग्री के बदले नई सामग्री की आपूर्ति की जाती है तो नई सामग्री का निरीक्षण प्रमाण पत्र देखें। अस्वीकृत सामग्री को पहले के निरीक्षण प्रमाण पत्र पर जिस पर सामग्री अस्वीकृत हुई थी, स्वीकार न करें।
- निरीक्षण प्रमाण पत्र खास अवधि तक ही वैध होता है। सामान्यत: निरीक्षण प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि से 30 दिनों तक ही सामग्री के प्रेषण के लिए वैध होता है। यह देखकर सुनिश्चित करें कि सामग्री का प्रेषण वैध तिथि के अन्दर किया गया है।
- अगर सामग्री को लघु/सूक्ष्म सुधार के साथ स्वीकार किया जा सकता है, तो ऐसे सुधार की अनुमति संयुक्त जाँच के उपरान्त ही देनी चाहिए। ऐसे केस में संयुक्त निरीक्षण में प्रावधान रखें कि सामग्री को लघु/सूक्ष्म सुधार के उपरान्त अंतिम रूप से तभी स्वीकार किया जाऐगा जब जाँच एजेन्सी के द्वारा सामग्री उपयोग हेतु सही प्रमाणित किया जाएगा।
- पूर्व निरीक्षित सामग्री को निरीक्षण हेतु कन्साईनी के पास समान्यत: नहीं भेजा जाना चाहिए। इससे सामग्री के स्वीकार करने में अनावश्यक विलम्ब होगा।
- यह देखें कि क्रयादेश के अनुसार फर्म ने वारंटी/गारन्टी प्रदान किया है।
- क्रयादेश में अगर किसी सामग्री के निरीक्षण के पहले इसके कच्चे माल का स्टेज निरीक्षण निहित है तो यह देखें कि स्टेज निरीक्षण हुआ है या नहीं तथा अगर स्टेज निरीक्षण हुआ है तो इससे संबंधित दस्तावेज निरीक्षण प्रमाण पत्र के साथ प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- सामग्री प्राप्ति के तुरन्त बाद संबंधित सारे तथ्यों का विवरण नोट शीट पर अंकित करें और इसके उपरान्त संबंधित अधिकारी को सामग्री स्वीकृति/अस्वीकृति हेतु मिसिल प्रस्तुत करें।
- संबंधित अधिकारी को सामग्री की जाँच स्वयं करनी चाहिए और कभी भी केवल अधीनस्थ कर्मी के नोट शीट पर अंकित तथ्यों के आधार पर निर्णय नहीं लेना चाहिए।

- If the material supplied is defective, then issue rejection advice immediately and call for joint inspection with the inspecting agency and the firm. Do not allow the firm to lift the rejected material prior to joint inspection.
- If fresh material is being supplied after rejection, do see that new IC has been issued for the fresh supply. Do not accept the material on IC issued earlier for which the material was rejected.
- Inspection certificates issued have got validity. Normally the validity of IC is for 30 days from the date of issue for dispatch of stores. Ensure to see that the material has been dispatched within this period.
- If the material can be accepted after minor rectification, then allow such rectification after joint inspection only. Do keep a provision in the joint inspection in this case that the material after rectification will be finally accepted after the nod of the inspecting agency that the material is fit for use.
- Do not send the pre-inspected supply for inspection by consignee. It will unnecessarily delay the acceptance of material.
- See that warranty/guarantee furnished by the firm is as per PO.
- If the clause of stage inspection of raw material is incorporated in purchase order of any material, then check whether stage inspection has been done or not and if stage inspection has been done then ensure to obtain related documents of stage inspection with inspection certificate.
- Immediately after material is received, enumerate all the above aspects on a note sheet and put up to the concerned officer for acceptance, rejection or otherwise.
- Officer concerned must examine the material himself and never record his decision only on the basis of the note sheet put up by the subordinate official.

माल तथा पार्सल कार्यालय में 'क्या करें' और 'क्या न करें'

- शिखा श्रीवास्तव

उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (यातायात)

<u>माल यातायात</u>

'क्या करें'

- अपनी ड्यूटी प्रारंभ करने के पूर्व निजी धन घोषणा पंजिका में अपने निजी धन की घोषणा करें।
- प्रतिबंध पंजिका को सदैव अद्यतन रखें।
- सूचना पट्ट पर प्रतिबंध और स्वीकार्य कोटा प्रदर्शित करें।
- उचित अग्रेषण पत्र स्वीकार करें।
- प्रेषण की पैकिंग की स्थिति के संबंध में परीक्षण करें और किसी दोष के संबंध में प्रेषक से उचित टिप्पणी लिखवाएं।
- पार्टी का आवेदन यदि वह पूर्व स्टैकिंग चाहती है तो उसे सुनिश्चित करें।
- माल का सही वर्गीकरण सुनिश्चित करें।
- दूरी की सही गणना सुनिश्चित करें।
- रेलवे रसीद की ठीक-ठीक तैयारी और शीघ्र निर्गमन सुनिश्चित करें।
- अधिमात्य अनुसूची, युक्तिकरण योजना और अन्य आदेशों को अद्यतन रखें।
- कोटा और वरीयता पंजिका का ठीक-ठीक अनुरक्षण सुनिश्चित करें।
- वरीयता आदेशों और अधिमान्य अनुसूची के अनुसार माल डिब्बे आवंटित करें।
- माल डिब्बा पंजीकरण शुल्क के रूप में सही धन राशि प्रभारित करें और रेलवे रसीद का शीघ्र निर्गमन सुनिश्चित करें।
- वरीयता और माल डिब्बा पंजीकरण शुल्क पंजिका में माल डिब्बा पंजीकरण शुल्क की शीघ्र प्रविष्टि सुनिश्चित करें।
- माल डिब्बा स्थानांतरण पंजिका में माल डिब्बों के स्थापन के समय का अभिलेख सुनिश्चित करें।
- उतराई समाप्ति का सही अंकन सुनिश्चित करें।
- अवप्रभार यदि कोई हो तो उसकी सही गणना एवं वसूली सुनिश्चित करें।

Do's and Don'ts in Goods & Parcel office

- Shikha Srivastava

Dy CVO (Traffic)

<u>Goods Traffic</u>

Do's

- Declare private cash in the private cash declaration register before starting the duty.
- Always keep the restriction register up-to-date.
- Exhibit the restriction and quota for acceptance on the notice board.
- Entertain a proper & correct filled forwarding note.
- Examine the consignment in respect of the packing condition and obtain appropriate remarks from the consignor in respect of any defects.
- Ensure party submits its application for stacking permission if sought.
- Ensure the correct classification of the Goods.
- Ensure correct calculation of distance.
- Ensure correct preparation and prompt issuance of the RR.
- Keep preferential schedules, rationalization scheme and other order up-to-date.
- Ensure correct maintenance of quota and priority register.
- Allot the wagons according to priority and preferential schedule.
- Charge the correct amount as wagon registration fee and ensure prompt issue of a money receipt.
- Ensure prompt entry of wagon registration fee in priority as well as WRF register.
- Ensure recording of time of placement of wagon in wagon transfer register.
- Ensure correct recording of unloading completion.
- Ensure correct calculation and realization of undercharge, if any.

- विलंबन शुल्क, स्थान शुल्क यदि कोई हो तो उसकी सही गणना एवं वसूली सुनिश्चित करें।
- लदान समाप्ति का सही अंकन सुनिश्चित करें।
- उतराई प्रारंभ करने के पूर्व सीलों की जांच पड़ताल कर लें।
- उचित प्रलेख सुनिश्चित करें।
- परिदान पुस्तिका में हस्ताक्षर प्राप्त कर लें।
- रेलवे रसीद को सावधानीपूर्वक जाँचे।
- रेलवे रसीद पर उचित पृष्ठांकन सुनिश्चित करें।
- यदि मालगोदाम में पीनल स्थान शुल्क/विलंब शुल्क लागू है तो उसकी समय से सूचना प्रदर्शित करें।
- संबंधित या वैकल्पिक तौल मशीन पर रेक का तौल सुनिश्चित करना।

'क्या न करें'

- निजी धन घोषणा पंजिका में निजी धन की घोषणा करना न भूले।
- घोषित निजी धन की सूचना में कोई बदलाव न करें।
- बिना उचित भाड़ा वसूल किए रेलवे रसीद जारी न करें।
- वरीयता और माल डिब्बा पंजीकरण पंजिका में धन रसीद की संख्या का अभिलेखन करने में विलंब न करें।
- माल डिब्बा स्थानांतरण पंजिका में समय अंकित करना न भूले।
- स्थापना समय लिखना न भूलें।
- दोषपूर्ण सील पाए गए डिब्बों के केस में रेलवे सुरक्षा बल को बुलाना न भूलें।
- माल डिब्बों के उतराई की समाप्ति पर मुक्त करने का समय लिखना न भूलें।
- सरकारी धन और निजी धन को एक साथ मिलाकर न रखें।
- सरकारी धन राशि का कॉउंटर पर खुले में न रखें।

पार्सल यातायात

'क्या करें'

- अपनी ड्यूटी प्रारंभ करने के पूर्व निजी धन घोषणा पुस्तिका में अपना निजी धन घोषित करें।

- Ensure correct calculation and realization of demurrage charge, wharfage charge if any.
- Ensure prompt recording and relaying of completion of loading.
- Examine the seal before commencement of unloading.
- Ensure proper documentation.
- Obtain the signature of party in Delivery book.
- Carefully check the RR.
- Ensure proper endorsement on the RR.
- Timely display of penal Wharfage & Demurrage if enforced in Goodshed.
- Ensure weighment of rake at the associate or the alternate weighbridge.

Don'ts

- Do not forget to declare private cash on the private cash register.
- Do not make alteration against the declared private cash.
- Don't issue RR without collecting the due fare.
- Do not delay in recording MR no. in priority and wagon registration register.
- Do not fail to record time in wagon transfer register.
- Do not fail to record placement time.
- Do not fail to call RPF staff in case of defectively sealed wagon.
- Do not fail to record release timing on completion of unloading.
- Don't keep Govt. Cash along with private cash.
- Don't keep Govt. Cash in open at the counter.

Parcel Traffic

Do's

- Declare private Cash in the private cash declaration register before starting the duty.

- उचित अग्रेषण पत्र सुनिश्चित करें।
- सुनिश्चित करें कि सभी पैकेजों पर निजी मार्का लगा है।
- सभी प्रभार लगाने के लिए पैकेजों की भौतिक तौल/माप करें।
- प्रेषक द्वारा प्रेषण के संबंध में गलत घोषणा का पता लगाए तथा सावधान रहें।
- सही रेलवे मार्किंग सुनिश्चित करें ।
- लादे गए पार्सल के लिए गार्ड से उसकी पावती ले लें।
- पार्सल के उतराई के समय गार्ड से पार्सल रवन्ने की गार्ड प्रति का संग्रह किया जाना सुनिश्चित करें।
- क्षतिग्रस्त पार्सलों के संबंध में गार्ड की टिप्पणी प्राप्त कर लें और क्षतिग्रस्त और कम पैकेज की सूचना जारी करें।
- संबंधित सुपुर्दगी पुस्तिका में पार्सल रवन्नों की प्रविष्टि तुरंत करें।
- सुपुर्दगी के लिए प्रस्तुत रेलवे रसीद की मौलिकता की जाँच कर लें।
- जाँच कर लें कि सही भाड़ा संगणित है।
- अधिक तौल का पता लगाने के लिए प्रेषण को पुनः तौले।
- सुपुर्दगी के लिए रेलवे रसीद प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति के पक्ष में उसका पृष्ठांकन सुनिश्चित करें।
- परिदान पुस्तिका में हस्ताक्षर सुनिश्चित करें ।

<u>'क्या न करें'</u>

- अग्रेषण पत्र में दिए गए घोषणा पर सदैव विश्वास न करें और संदेह होने पर प्रेषण की जाँच करना न भूलें।
- जब तक अग्रेषण पत्र पर प्रेषक अथवा उसके अभिकर्ता द्वारा दोषपूर्ण पैकिंग के संबंध में टिप्पणी अंकित न कर दी जाए, तबतक यदि प्रेषण निर्धारित पैकिंग शर्त के अनुसार पैक न किया गया हो तो किसी भी प्रेषण को स्वीकार न करें।
- तौल से स्थूल वस्तुओं को बुक न करें और यदि उच्चतर भाड़ा प्राप्त हो तो माप द्वारा संगणना करने से न चूकें।
- पार्सल प्रेषण के लिए गार्ड का हस्ताक्षर प्राप्त करना न भूलें।
- सुपुर्दगी के पूर्व प्रेषण का पुनः परीक्षण, पुनः तौल, पुनः जाँच एवं पुनः प्रभारण करना न भूलें।

- Entertain a proper & correctly filled forwarding note.
- Ensure that all the packages have a private marka.
- Physically weigh or measure the packages to levy correct charges.
- Be alert to detect mis-declaration of consignment by the consigner.
- Ensure correct Railway marking.
- Obtain acknowledgment from the guard for parcels loaded under Guard Charge.
- Ensure guard portion of PW Bills are collected from the guard at the time of unloading of Parcels.
- Obtain remarks of guard in case of damaged parcels and issue DDM.
- Immediately make entry of p.way bill in the respective delivery Book
- Check the RR produced for delivery for its genuineness.
- Check that the correct fare in calculated.
- Reweigh the consignment to detect over weighment for realizing under charge.
- Ensure endorsement of RR in favour of the person presenting the same for delivery.
- Obtain the signature of party in delivery Book.

<u>Don'ts</u>

- Do not always rely on the declaration given in the forwarding note and do not fail to check the consignment when in doubt.
- Do not accept any consignment if not packed according to prescribed packing condition unless remarks in regard to defective packing condition are endorsed on forwarding note by the sender or his agent.
- Do not book bulky articles on basis of weight and don't fail to calculate charges on the basis of measurement, especially if given on higher charge.
- Do not forget to obtain signature of the guard for dispatch of parcels.
- Do not fail to re-examine, reweigh, recheck and recharge the consignment before delivery

चयन : क्या करें एवं क्या न करें

- **अभिषेक कुमार**
उपमुसताधि/लेखा

क्या करें

1. चयन की अधिसूचना जारी करने से पूर्व रिक्त पदों की गणना सही एवं अनुमोदित होनी चाहिए।
2. अधिसूचना में कोटिवार (अजा/अजजा/सा.) ब्रेकअप स्पष्ट होनी चाहिए।
3. अधिसूचना जारी करने वाले प्राधिकारी को यह निश्चित कर लेना चाहिए कि कार्मिक विभाग (आर.पी.सेल) से कोटिवार रिक्तियों की जाँच एवं विधिक्षण किया गया हो। यह भी निश्चित कर लेना चाहिए कि रिक्तियाँ पद-आधारित रोस्टर के अनुसार होनी चाहिए।
4. अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए पदोन्नति-पूर्व तय अवधि की प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।
5. योग्यता की शर्तों में यदि कोई परिवर्तन आवेदन प्राप्त करने या चयन शुरू करने के बाद किया जाता है तो परिवर्तित योग्यता के अनुसार सभी योग्य अभ्यर्थियों को यह मौका दिया जाना चाहिए।
6. रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देश के अनुसार ही चयन समिति का गठन किया जाना चाहिए।
7. रेलवे बोर्ड के अद्यतन निर्देश/दिशा-निर्देश की प्रति कार्मिक विभाग द्वारा चयन समिति के सदस्यों को नामांकन के समय ही उपलब्ध करायी जानी चाहिए।
8. चयन समिति के सदस्य विशेषकर प्रश्न पत्र सेटर एवं मूल्यांकन करने वाले सदस्य प्रश्न पत्र सेट करने या मूल्यांकन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें अद्यतन निर्देश/दिशा-निर्देश की प्रति प्राप्त हो गई है।
9. प्रश्न पत्र सेटर द्वारा समान एवं शीघ्र जाँच हेतु मॉडल उत्तर उपलब्ध करानी चाहिए।
10. लिखित परीक्षा के बाद जल्द से जल्द उत्तर पुस्तिका की कोडिंग करनी चाहिए।

Selections: Do’s & Don’ts

- Abhishek Kumar
Dy.CVO/A

Do’s

1. The number of vacancies should be correctly assessed and approved before issuing notification for selection.
2. Notification should clearly indicate category wise (SC/ST/UR) breakup.
3. Authority approving issue of notification must ensure that Personnel department (RP cell) has examined and vetted the community wise break up of vacancies. This is to ensure that vacancies are as per applicable Post based Roster.
4. Pre-promotional training of stipulated duration for SC/ST candidates should be ensured.
5. If a change is introduced in the condition of eligibility after the call for applications or after the selection has started ensure that opportunity is given to all candidates who may have become eligible according to the revised conditions of eligibility.
6. Selection committee should be constituted as per Railway Board’s guidelines.
7. Copy of latest Railway Board instructions/guidelines should be made available by the Personnel department to selection committee members at the time of nomination itself.
8. Members of selection committee especially question paper setter and evalautor should ensure that they have received latest instructions/guidelines before setting the paper or starting the evaluation work.
9. Paper setter should provide model answers for uniform and faster evaluation.
10. Answer sheets should be coded as soon as written test is over.

11. उत्तर पुस्तिका जो डमी नंबर/कोड के साथ एवं जो किसी भी दृश्य पहचान चिन्ह (जैसे जय, ओम आदि) के बिना हो केवल उसी की जाँच की जानी चाहिए।
12. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर में सुधार करने पर मूल्यांकन करना मना है। (आर.बी.ई 126/08), इस आशय का निर्देश प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित होनी चाहिए। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में सुधार : जैसे कि कटिंग, ओभरराईटिंग, मिटाना, बहुविकल्पीय प्रश्नों में एक को मिटाकर दूसरे पर निशान लगाना, किसी भी प्रकार से उत्तर बदलना।
13. उत्तर पुस्तिका की जाँच अमिट स्याही से की जानी चाहिए किसी भी परिस्थिति में पेंसिल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
14. मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये अंक टॉप शीट पर टेबुल में दिये जाने चाहिए।
15. दशमलव में दिये जाने वाले अंक प्रथम दशमलव स्थान तक दिये जाने चाहिए एवं इसे पूर्ण अंक में नहीं बदलना चाहिए। कुल अंक को भी पूर्ण अंक में नहीं बदलना चाहिए।
16. मूल्यांकन में हुए दो माह से अधिक की देरी की जानकारी मंडल रेल प्रबंधक या विभागाध्यक्ष को देनी चाहिए, तीन माह से अधिक की देरी को महाप्रबंधक के व्यक्तिगत जानकारी में लानी चाहिए।
17. अंक शीट दर्शिका कोड नं. एवं प्राप्तांक हस्ताक्षर कर कार्मिक विभाग को देनी चाहिए।
18. मूल्यांकन किये हुए उत्तर पुस्तिका मॉडल उत्तर के साथ कार्मिक विभाग को हस्तगत कराना चाहिए।
19. लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित एवं व्यापक रूप से प्रचारित किया जाना चाहिए।
20. चयन समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सही चयन प्रक्रिया एवं स्थापना नियमों का पालन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग के सदस्य की भूमिका बहुत संवेदनशील है।
21. सेवा विवरण आदि पर दिये जाने वाले अंक एसीआर ग्रेडिंग, पुरस्कार आदि के आधार पर होने चाहिए एवं यह विवरण भी चयन प्रोसिडिंग का हिस्सा होना चाहिए।

11. The answer sheets *with* dummy numbers/codes and those *without* any visible identification signs (like 'jai', 'om' etc) only should be evaluated.
12. Evaluation of corrected answers to objective questions is disallowed (RBE 126/08). Instructions to this effect should be printed on question paper as well as on the copies. Corrections to objective type questions include: Cutting; Overwriting; Erasing; Scoring off a ticked answer in mutiple-choice question and ticking another answer; modifying the answer in any way;
13. Evaluation of answer sheets should be in indelible ink and in no case should a lead pencil be used.
14. Marks awarded by the evaluator for each question should be tabulated on the top sheet.
15. Decimal marks whenever awarded should be correct to the first decimal and the same should not be rounded off. The total marks too should not be rounded off.
16. Delay in evaluation by more than two months should be brought to the notice of DRM or HOD. Delays of more than three months should be brought to the personal notice of the General Manager.
17. Marks sheet indicating code nos. and marks obtained duly signed should be given to the personnel branch.
18. Evaluated answer books alongwith model answer should be handed over to Personnel department.
19. Result of written examination should be declared and widely circulated.
20. Selection committee should ensure that the correct procedure and establishment rules have been followed. Role of member of Personnel Department is very critical in this regard.
21. Marks awarded for records of service etc should be based on details of ACR gradings,awards etc duly worked out and such detail should be part of selection proceedings.

22. तैयार किये गये मूल्यांकन तालिका पर चयन समिति के सभी सदस्यों का हस्ताक्षर होना चाहिए।

<u>क्या न करें</u>

1. चयन बोर्ड/समिति में ऐसे अधिकारी को नामित नहीं किया जाना चाहिए जिनका नाम सहमति/गुप्त सूची में हो।
2. चयन बोर्ड/समिति के गठन में परिवर्तन नहीं करना चाहिए जब तक कि यह अवश्यम्भावी न हो।
3. अधिसूचना जारी होने के बाद रिक्तियों में बदलाव नहीं करना चाहिए।
4. चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों विशेषकर लिखित परीक्षा, मूल्यांकन, मौखिक परीक्षा एवं परिणाम जारी करने के मध्य विलम्ब नहीं होना चाहिए।
5. उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अनाधिकारिक तौर पर अन्य किसी से नहीं करानी चाहिए।
6. अंक प्रदान करने के लिए पेंसिल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
7. अंक प्रदान करने के बाद किसी प्रकार का सुधार जैसे मिटाना, कटिंग, या ओभरराईटिंग नहीं किया जाना चाहिए।
8. मूल्यांकनकर्ता द्वारा एक बार दिये गये अंक में सुधार करने की अनुमति नहीं है। ऐसा अधिक अभ्यर्थी मौखिक परीक्षा के क्षेत्र में आ सकें, इसके लिये नहीं करना चाहिये। मूल्यांकन उत्तर के विषयवस्तु एवं सटिकता पर ही करना चाहिए।
9. आवश्यकता से अधिक प्रश्नों के हल करने पर अधिक वाले प्रश्नों पर अंक नहीं प्रदान किया जाना चाहिए।
10. चयन प्रक्रिया में किये गये हस्ताक्षर के साथ तिथि देना नहीं भूलना चाहिए।
11. टुकड़ों में पैनल की घोषणा नहीं करनी चाहिए।

बिना उत्साह के कभी किसी

उच्च लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती।

---

22. Ensure that the evaluation chart prepared is signed by all the members of the selection committee.

<u>Don'ts</u>

1. Do not nominate an officer in the Selection Board/Committees, if his name is borne on the agreed/secret list.
2. Do not change the constitution of the Selection Board/ Committee for a Selection except when unavoidable.
3. Vacancies should not be altered once the notification is issued.
4. Do not allow delays between various stages of Selection process, particularly between Written Test, evaluation of answer sheets, viva Voce and publication of result.
5. Do not have the evaluation of Answer Sheets done by someone else unofficially.
6. Do not use a lead pencil for allotting marks.
7. Don't do corrections in marks once given by erasing, cutting,overwriting etc.
8. Evaluator is not permitted to review their evaluation and to award marks keeping in mind the percentage of pass marks with a view to bringing more candidates into zone of viva-voce. Marking should be strictly as per content and correctness of answers.
9. Do not give marks for questions attempted in excess of the number of questions required to be answered.
10. Do not forget to date your signature in the selection proceedings.
11. Do not announce selection panels piecemeal, to the extent possible.

DO IT NOW.

SOMETIMES 'LATER'

BECOMES 'NEVER'.

मानवता ही जीवन का अंतिम उद्देश्य है।

- **प्रमोद यादव,** मुसतानि/भंडार

मेरे गाँव में एक सज्जन रेल पथ निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। पूरा गाँव उन्हें मिस्पीटर बाबा के नाम से जानता था। रेल की नौकरी करते हुए अनैतिक तरीके से उन्होंने अपार सम्पत्ति अर्जित की। उनकी कुल अर्जित सम्पत्ति के रूप में 100 एकड़ जमीन एवं गाँव में महल जैसा आलीशान मकान था। पूरा परिवार आनन्दपूर्वक सुखमय जीवन व्यतीत कर रहा था। सन् 2012 ई. में मिस्पीटर बाबा खुद और उनका सारा परिवार भगवान से उनकी मृत्यु हेतु प्रार्थना कर रहे थे। लेकिन मौत थी की उनकी ओर अग्रसर ही नहीं हो रही थी। शायद वे अपने हिस्से में लिखे कष्ट को पूरा नहीं भोग पाए थे।

बाबा के पुरखे गाँव के जमींदार थे, इस कारण बीमारी के दौरान उनसे अधिकांश ग्रामवासी मिलने आते परन्तु मिलने के उपरान्त यही कहते कि स्थिति देखने लायक नहीं रह गई है, भगवान उन्हें मृत्यु प्रदान करें। कौतुहलवश मैं भी उनके दर्शन के लिए गया तो पाया कि बाबा के पूरे शरीर में कीड़ा हो गया है। बदबू ऐसी आती थी कि नाक से हाथ न हटाया जाए। इस संबंध में बाबा के पौत्र से बात कर पूछा कि क्या इनका ईलाज ढंग से नहीं कराया जा रहा है तो उन्होंने कहा कि क्या बताऊँ? हर दिन डाक्टर बदन को साफ कर दवाई लगाते हैं लेकिन पता नहीं कौन-सा मर्ज है कि ठीक होने की बजाए बढ़ता ही जा रहा है। पड़ोसियों ने कहा कि रात भर बाबा बचाओ! बचाओ! कर चिल्लाते हैं एवं बीच-बीच में होश आने पर अपने पौत्र को कहते हैं कि ''मुझे जहर की सूई क्यों नहीं दिला देते? इस कष्ट से तो अच्छा है कि ईश्वर मौत दे दे''।

गाँव के ही बुजुर्गों ने बताया कि एक बार इस गाँव में रेल दुर्घटना हुई थी। उस वक्त दुर्घटना के शिकार मृत एवं घायल यात्रियों के सभी सामान व पैसे बाबा ने छीनकर रख लिए थे। उसी पैसे से बाबा करोड़पति हो गए व गाँव में आलीशान मकान तथा जमीन खरीदी। मिस्पीटर बाबा भी इस अवस्था में अब इस तथ्य से इन्कार नहीं कर पाते हैं। वह कहते हैं कि- ''मैंने अपने जीवन में मानवता को छोड़कर दानवी प्रवृति अपनाई तथा इसी दानवी प्रवृत्ति का सहारा लेकर अपार धनोपार्जन की। मैंने केवल मृत, घायल और लाचार लोगों के साथ ही अमानवीय प्रवृत्ति नहीं अपनायी वरन् माता के समान रेल की भी बहुत सम्पत्ति चोरी की। परन्तु आज यह सम्पत्ति मेरे किसी काम की नहीं है''। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मैंने वेद-पुराण का भी अध्ययन किया जिसमें स्पष्ट

रूप से वर्णित है कि- ''गरीब सताए तीन गये, रावण, कौरव, कंश''। परन्तु धन रूपी माया के मोह में मेरा यह वेद-पुराण ज्ञान भी काम न आया जिसका परिणाम मुझे आज भुगतना पड़ रहा है। अत: मेरी यह सलाह है कि आप सभी इस तरह की गलती कदापि न करें। मिस्पीटर बाबा की मृत्यु मार्च-2013 में हुई। आज उनके सभी पौत्र बेरोजगार हैं, व बाबा के द्वारा अर्जित सम्पत्ति की बिक्री कर अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं।

मानव पृथ्वी के सभी प्राणियों में सबसे अधिक सक्षम व समझदार है। उसे अपनी ऊर्जा प्राणियों के कल्याण में लगाना चाहिए। ऐन-केन प्रकार से अर्जित की गई सम्पत्ति मनुष्य का साथ कभी नहीं देती है जैसा कि इस कहानी से भी परिलक्षित है। इस संसार में रह जाता है केवल मानव द्वारा किया गया उसका कृत्य एवं यश। सच हीं कहा गया है- ''मानवता ही जीवन का अंतिम उद्देश्य है''।

रिश्ता दिल में होना चाहिए शब्दों में नहीं
और
नाराजगी शब्दों में होनी चाहिए दिल में नहीं।

❖

सफल होने के लिए अच्छे मित्रों की आवश्यकता होती है लेकिन सर्वोच्च सफलता प्राप्त करने के लिए अच्छे शत्रुओं की आवश्यकता होती है।

- चाणक्य

यातायात

- **एस.के. सिन्हा**, मुसतानि/यातायात
- **गोपाल कुमार**, मुसतानि/यातायात
- **के.एन. सहाय**, मुसतानि/यातायात
- **एस.एस.भी. प्रसाद**, मुसतानि/यातायात
- **अभय कुमार**, मुसतानि/यातायात
- **पंकज नयन**, मुसतानि/यातायात
- **एस.पी. पोद्दार**, मुसतानि/यातायात

1. रियायती पास के तहत बुक किए गए आरक्षित सीट में अनियमितता:

गुप्त स्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि किसी ट्रेन में रेलवे सुविधा पास में प्रावधान शून्य राशि के आधार पर कई शायिकाएं ब्लॉक कर उन कनफर्म शायिकाओं पर अनियमित रूप से यात्रियों को यात्रा कराई जा रही है। उक्त ट्रेन के निर्दिष्ट कोच में एक निवारक जाँच के क्रम में पाया गया कि 26 शायिकाएं बेटिकट यात्रियों से भरे पड़े थे। बाद में, एक बेटिकट यात्री पॉवरकार में भी पाया गया। कोच कंडक्टर द्वारा ट्रेन वर्किंग चार्ट में उन शायिकाओं पर चार्ट नामित यात्रियों को 'टर्नड अप' चिन्हित कर दिया गया था। कुल 27 बेटिकट यात्रियों को जुर्माना लेकर नियमित किया गया और उनसे रेलवे को देय के रूप में कुल रु. 24680/- राशि की वसूली की गई। इन कोचों को संचालित करने वाले कोच कंडक्टर ने भी अपने सरकारी कैश में रु. 2990/- अधिक दिखलाया। संबंधित कर्मचारी के निलंबन के साथ दीर्घ आरोप दंड हेतु अनुशंसा की जा चुकी है तथा रियायती टिकटों के इस संदिग्ध कपटपूर्ण मामले में संलग्न नेक्सस (अंतर्संबंधों) का पता लगाने के लिए आगे की जाँच करायी जा रही है।

2. ट्रेन कंडक्टर के मिलीभगत से नकली टीटीई का ट्रेन में चलना :

स्रोत से प्राप्त सूचना के आधार पर एक एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच पर ड्यूटी कर रहे टिकट जाँच कर्मचारी की डिकॉय जाँच की गई। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर, ड्यूटी पर ट्रेन कर्मचारी जो काले कोट में था, यात्रा आरंभ करने के स्टेशन से आरक्षण चार्ट लिए हुआ था और उसने

TRAFFIC

- **S.K.Sinha,** CVI/Traffic
- **Gopal Kumar,** CVI/Traffic
- **K.N.Sahay,** CVI/Traffic
- **S.S.V.Prasad,** CVI/Traffic
- **Abhay Kumar,** CVI/Traffic
- **Pankaj Nayan,** CVI/Traffic
- **S.P. Poddar,** CVI/Traffic

1. Irregularity in Reserved accommodation booked under Pass concession:

Source information was received that in a train several berths have been blocked on a Railway Privilege pass against zero amount and that irregular passengers are being carried on these confirmed berths. A preventive check was conducted in the said train in designated coaches and 26 berths were found occupied by without ticket passengers. Later one Without Ticket passenger was also found in power car. The coach conductor had marked 'turned up' in the train working chart against these berths for chart named passengers. Total 27 without ticket passengers were regularized with penalty and a sum of total ₹ 24680/- was realized as Railway due from them. The coach conductor manning these coaches also produced ₹ 2990/- excess in his Govt. Cash. The concerned staff has been recommended for suspension and further investigation is being carried to find the extent of nexus in suspected fraud of concession tickets in the case.

2. Fake TTE travelling with the connivance of Train conductor:

On the basis of source information a decoy check was conducted on the ticket checking staff manning sleeper coach of an Express Train. At station platform, on duty train staff, who was in black coat & having ex boarding chart, asked & accepted ₹ 400/- from 2 Decoy passengers for taking them

2 डिकॉय यात्रियों से दूसरे दर्जे के साधारण टिकट पर उन्हें कटिहार तक स्लीपर कोच में ले जाने के लिए रु. 400/- माँग कर ले लिया। हालांकि, जाँच के क्रम में यह पाया गया कि संबद्ध व्यक्ति एक नकली चल टिकट परीक्षक था और ट्रेन कंडक्टर के मिलीभगत से कार्य में संलग्न था। उसके पास ईएफटी किताब भी नहीं थी। यात्रियों से जबरन वसूली से लिए गए रु. 6645/- उसके कब्जे में थे। दोनों, नकली चल टिकट परीक्षक और कंडक्टर ने अपने बयान में स्वीकार किया कि वे एक-दूसरे को जानते हैं और एक साथ काम करते हैं। बाद में संयुक्त जाँच मेमो तैयार कर उस व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने हेतु जीआरपी के हवाले कर दिया गया। ट्रेन कंडक्टर पर भी बड़ी शास्ति कार्रवाई की जा रही है।

3. कोयले की रेक में ओवरलोडिंग :

कोयले के रेक की ओवरलोडिंग की पूर्व सूचना के आधार पर गोमो स्थित वे-ब्रीज पर एक निवारक जाँच की गई। जाँच के दौरान, पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के जारनडीन प्राइवेट साइडिंग (पीएसजेए) से लादे गए कोयले के 58 बीओएक्सएनएचएल की रेक जिसका लदान व्यासनगर, लखनऊ डिवीजन, उत्तर रेलवे के लिए हुआ था, का गोमो में फिर से भार लिया गया। पुनर्तौल के पश्चात् यह पाया गया कि गोमो वे-ब्रीज पर कुल भार 4708.20 टन था जबकि पीएसजेए पर इसका भार 4094.70 टन था। इस प्रकार 613.50 टन की अधिक लोडिंग पाया गया। उक्त जाँच के परिणामस्वरूप, रु. 2722419/- का अप्रभार उठाया गया। मनी रसीद द्वारा इसकी वसूली की गई। उक्त सतर्कता जाँच के न होने पर रेलवे को 'अप्रभार' के रूप में भारी राशि की हानि उठानी पड़ती।

4. वीपीयू और एसएलआर में भारी ओवरलोडिंग :

निवारक जाँच में एक ही ट्रेन के पार्सल लाने वाले सभी नियत स्थानों की पुनः तौल किया गया। कुल चार डिब्बों के पैकेज जिसमें दो लीज पर दिए गए एसएलआर तथा दो डिमांड वीपी थे का पुनः भार लिया गया। 23 टन के सीसी वाले वीपीयू में 10 एवं 6 टन तथा दोनों संयुक्त एसएलआर में लगभग 2 टन की अधिक लोडिंग ट्रेन में पायी गई। सभी

till KIR in Sleeper coach against II class General Ticket. However, during course of check it was found that the concerned person was a fake TTE & was working in connivance with the Train conductor. He was not having EFT & had ₹ 6645/- in his possession which he had acquired by extortion from passengers. Both the fake TTE & Conductor in their statement accepted of knowing each other & working together. Subsequently, Joint check memo was prepared & the person handed over to GRP along with FIR. Also, the conductor of Train has been taken up under Major Penalty action.

3. Overloading in Coal rake:

On basis of source information, a preventive check was conducted at GMO weigh bridge to detect overloading in Coal rake. During check a rake of 58 BOXNHL containing Coal loaded ex Jarandin Pvt. Siding (PSJA) of Dhanbad Division of E.C.Railway for Vyasnagar (VYN) of Lucknow Division of Northern Railway was reweighed at GMO. After reweighment, it was detected that the Net weight at GMO Weigh bridge was 4708.20 T whereas the same at PSJA was 4094.70 T. Thus, 613.50 T was detected as overloading. As a result of the said check ₹ 2722419/- was raised as undercharges and the same was realized vide Money receipt. In absence of the said Vigilance check Railway would have lost the heavy amount as undercharges.

4. Heavy overloading in VPU & SLRs:

A preventive check was conducted in a train for re-weighment of Parcel Spaces. Packages of total four compartments, in which two leased SLRs and two demand VPUs were got re-weighed. Excess loading of 10 & 6 tonnes in VPUs having CC of 23 tonnes and around 2 tonnes in both SLRs combined

चारों पार्सल को नियत स्थान में भारी ओवरलोडिंग से एक दिन में एक ट्रेन से रु. 8.28 लाख का कम प्रभार उठाया गया जो अभी तक के पार्सल यातायात में उच्चतम है। इसके अलावा, रु. 6448/- के विलंब शुल्क और स्थान शुल्क की उगाही की गई, परिणामस्वरूप इस निवारक जाँच में रु. 8.34 लाख की वसूली की गई। इस तरह के भारी ओवरलोडिंग से न केवल रेलवे राजस्व की हानि होती है, अपितु ट्रेन एवं यात्रियों की संरक्षा को भी खतरे में डालती है। आरंभिक रेलवे को आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करने तथा पट्टे/डिमांड वाले पार्सल स्थान की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए सूचित किया जा चुका है।

5. पैन्ट्रीकार में अत्यधिक वसूली :

प्राप्त जानकारी के आधार पर, एक प्रीमियर ट्रेन के पैन्ट्रीकार कर्मचारियों पर डिकॉय जाँच की गई जिसमें डिकॉय पैसेंजर को एक स्लीपर कोच में बुक किया गया था। जब पैन्ट्रीकार का कर्मचारी उस कोच में पहुँचा तो डिकॉय पैसेंजर ने एक स्टैंडर्ड शाकाहारी थाली का मूल्य पूछा। पैन्ट्रीकार कर्मचारी ने रु. 90/- बताया और उसने एक शाकाहारी थाली का रु. 90/- लिया। रु. 50/- के मूल्य वाली स्टैंडर्ड शाकाहारी थाली की जगह, पैन्ट्रीकार कर्मचारी ने मेनू में पनीर डिश के साथ एक शाकाहारी थाली दिया और निर्धारित शाकाहारी थाली के अनुसार दही/मिठाई और पानी का ग्लास नहीं दिया। इन सारी चीजों के लिए वह बिना बिल दिए सभी यात्रियों से बिल दर के अनुसार प्रति भोजन रु. 40/- अतिरिक्त चार्ज कर रहा था । पैन्ट्रीकार में मेनू के अनुसार वेज थाली बनायी ही नहीं जाती थी एवं उसकी जगह अला-कार्ट भोजन था जो मानक अनुसार नहीं था। उक्त कर्मचारी भी बिना चिकित्सा प्रमाण-पत्र के काम करता हुआ पाया गया और उसे वर्तमान नियम के अनुसार चार्ज किया गया। पैन्ट्रीकार ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

was found in the train. The heavy overloading in all four parcel space led to raising of undercharge ₹ 8.28 Lacs from one train in a day which is highest till date in parcel traffic. Further, Demurrage Charge and Wharfage Charge of ₹ 6448/- was also realized, resulting a total of ₹ 8.34/- Lacs in this preventive check. Such heavy overloading not only causes loss of the Railway Revenue but also jeopardizes safety of train & passengers. Originating Railway has been advised for necessary follow up action and monitoring of lease/on demand parcel space.

5. Excess realization in Pantry Car:

Based on source information, a Decoy check was conducted on Pantry car staff of a premier train wherein Decoy Passenger was booked in a sleeper coach. When Pantry Car staff arrived in coach, Decoy passenger asked price of one standard Veg Thali. Pantry car staff replied ₹ 90/- and also demanded and accepted ₹ 90/- for one Veg. thali. Against the standard Veg. Thali priced at ₹ 50/-, the PC staff supplied one Veg. Meal with addition of a Paneer dish to the menu and not supplying curd/sweet and water glass as per stipulated Veg Thali. For this modification he was charging ₹ 40/- extra per meal at Alacarte rate from all passengers without issuing bills. The standard Veg. meal/thali had been phased out from available menu in favour of Alacarte meal, which too was not as per specification. The said staff was also found working without medical certificate and was charged as per extant rule. Penal action against Pantry car contractor has been recommended to CCM/E.C.Railway.

6. **तत्काल अवधि में अनियमितताएं एवं दलालों से संदिग्ध मिलीभगत:**

(क) अनुषंगी पीआरएस लोकेशन पर निवारक जाँच करने के दौरान 06 अवितरित तत्काल आरक्षित टिकट, आरक्षण कर्मचारी के काउंटर पर पाए गए। इसके सरकारी कैश में रु. 20,000/- आरंभिक कमी देखने के बाद सभी छह अवितरित टिकट, दावेदारों को उचित राशि वसूलने के पश्चात् सौंप दिए गए। कुल रु. 21890/- देय राशि के रूप में वसूला गया जिसके कारण उसके सरकारी कैश में रु. 1890/- अधिक पाया गया। ऐसे आरंभिक कमी और बाद में सरकारी कैश में अधिक राशि पाए जाने पर आरक्षण कर्मचारी की दलालों से संलिप्तता का संकेत मिलता है। संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध दीर्घशास्ति कार्रवाई की अनुशंसा की गई।

(ख) एक निवारक जाँच के क्रम में यह पता लगा कि ड्यूटी पर आरक्षण लिपिक ने अपने सरकारी कैश के रूप में रु. 52725/- दिया जबकि डीटीसी के अनुसार राशि रु. 62225/- थी अर्थात् उसके सरकारी कैश में रु. 9500/- की कमी पायी गई। उक्त कर्मचारी के पास न तो जेसीआरटी उपलब्ध था और न कोई लेन-देन लंबित था। माँग पर्ची की जाँच के दौरान यह देखा गया कि छह माँग पर्ची ईसीआरसी के पास उपलब्धा नहीं थी, तथापि उसने आरक्षण टिकट बनाए थे। बिना माँग पर्ची के टिकट बनाया जाना भी यह दर्शाता है कि ड्यूटी पर आरक्षण लिपिक दलाली गतिविधि में संलग्न था। उस पर दीर्घशास्ति आरोप पत्र के तहत कार्रवाई की जा गई है।

(ग) निवारक जाँच के दौरान 4 अवितरित टिकटें (जेसीआरटी) ड्यूटी पर ईसीआरसी के कब्जे में पकड़ी गई, साथ ही उस कर्मचारी के सरकारी कैश में रु. 1000/- अधिक पाया गया। 4 जेसीआरटी में से केवल दो के दावेदार अपनी टिकट के दावे के लिए शिफ्ट की समाप्ति तक उपस्थित हो पाए। रु. 6020/- मूल्य के दो जेसीआरटी को निरस्त कर लौटायी गई राशि को भी विविध (सन्ड्री) कैश में जमा करा दिया गया। दलाली गतिविधियों में संलिप्तता के लिए कर्मचारी के विरुद्ध दीर्घशास्ति कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

6. **Irregularities in TATKAL period & suspected connivance with touts:**

(a) During preventive check conducted at Satellite PRS loacation 06 undelivered TATKAL JCRTs were detected at the counter of on duty ECRC. After an Initial shortage of ₹ 20,000/- in his Govt. Cash, all six undelivered tickets were handed over to claimants after realizing due amount. A total ₹ 21890/- was realized as due amount which caused ₹ 1890/- found excess in his Govt. Cash. Reservation staffs' involvement in touting activity due to such initial shortage & later excess in Govt. Cash cannot be ruled out. The staff concerned has been recommended Major Penalty action.

(b) In a preventive check conducted, it was detected that on duty ECRC produced ₹ 52725/- as his Govt. Cash whereas it was ₹ 62225/- as per DTC i.e. ₹ 9500/- found short in the Govt. Cash The staff had no available JCRTs with him or any pending transaction. During scrutiny of dealt requisition slips it was detected that six requisition slips were not available with the ECRC, however the JCRTs were generated by him. Generation of JCRTs without requisition slips also shows that the on duty ECRC was indulging in touting activity. He has been taken up under Major Penalty charge sheet.

(c) During preventive check 4 undelivered tickets (JCRTS) detected in possession of on duty ECRC along with ₹ 1000/- detected excess in Govt. Cash of the staff. Out of 4 JCRTs, claimant of only two turned up to claim their tickets till the end of the shift. Two JCRTs worth ₹ 6020/- were special cancelled and the refunded amount was also deposited in sundry cash. The staff has been recommended for Major penalty action for touting activity.

केस अध्ययन

लेखा एवं कार्मिक

- **अमूल कुमार सिंह**, मुख्य सतर्कता निरीक्षक/लेखा
- **कुमार ज्ञानजीत**, मुख्य सतर्कता निरीक्षक/लेखा
- **राहुल आनंद**, मुख्य सतर्कता निरीक्षक/लेखा
- **संजय कुमार**, मुख्य सतर्कता निरीक्षक/कार्मिक
- **हरेन्द्र सिंह**, मुख्य सतर्कता निरीक्षक/कार्मिक

1. रेल आवास रहते हुए आवास भत्ता (HRA) पाना

एक मंडल में निवारक जाँच में पाया गया कि एक कर्मचारी को रेलवे आवास दिनांक 01.08.2005 से ही आवंटित था, परंतु संबंधित कर्मचारी द्वारा रेलवे आवास में रहने के बावजूद भी प्रत्येक महीना आवास भत्ता लिया जा रहा था। इस मामले में यह पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा रेल आवास आवंटित होने के बाद लगातार 5 वर्ष 6 महीना तक आवास भत्ता लिया जाता रहा। इसके अलावा उनसे आवास किराया एवं अन्य वसूली भी नहीं की गई है।

पुनः इसी निवारक जाँच में यह पाया कि एक अन्य कर्मचारी को रेलवे आवास दिनांक 17.08.05 को आवंटित किया गया था और इसके पश्चात् उनके द्वारा आवास खाली करने हेतु आवेदन दिनांक 12.10.10 को संबंधित SSE/W को दिया गया। इस मामले में संबंधित कर्मचारी द्वारा रेल आवास दिनांक 17.08.05 से 19.10.10 तक अपने कब्जे में रखा गया, परंतु उनके द्वारा अगस्त 2008 से अक्टूबर 2009 तक लगातार आवास भत्ता लिया गया। इस मामले में तत्कालीन पे बिल लिपिक की भी संलिप्तता थी, क्योंकि इनके द्वारा प्रत्येक माह संबंधित कर्मचारी को वेतन में आवास भत्ता दिया जाता था, परंतु उनके द्वारा बीच-बीच में बिना किसी दस्तावेज/प्राधिकार के ही इनका आवास भत्ता बंद कर दिया गया और पुनः बिना किसी दस्तावेज/प्राधिकार के उनके वेतन में आवास भत्ता दिया जाने लगता। इस मामले में दोनों कर्मचारियों से अतिरिक्त लिये गये आवास भत्ता की वसूली (लगभग 1 लाख रुपये) तथा रेल आवास किराया की वसूली की गयी। साथ ही इस मामले में आवास भत्ता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ पे-बिल लिपिकों पर भी अनुशासनिक कार्यवाही की जा रही है।

CASE STUDIES

Accounts & Personnel

- **Amul Kumar Singh,** CVI(Accounts)
- **Kumar Gyanjeet,** CVI(Accounts)
- **Rahul Anand,** CVI(Accounts)
- **Sanjay kumar,** CVI(Personnel)
- **Harendra Singh,** CVI(Personnel)

1. Claiming HRA while retaining Railway Quarter

Preventive check in a division brought out that a railway employee who was alloted railway quarter on 01-08-2005 has also been taking HRA for 5 years and 6 months. During this period recovery of quarter rent and other charges were also not done from him.

In the same check it was also found that another employee was occupying a railway quarter from 17-08-2005 to 19-10-2010 but had claimed HRA for the period from August 2008 to October 2009. Investigation revealed connivance of concerned pay bill clerk also as it was observed that pay bill clerk used to stop HRA payment intermittently and restart payment of HRA again without any document or authority. Recovery of irregularly drawn HRA and quarter rent (nearly Rs. 1 lakhs) was done from the railway servants. In addition to this Discilplinary action against railway employees who claimed irregular HRA and concerned pay bill clerk has also been initiated.

2. आवास भत्ता (HRA) के भुगतान में अनियमितता

एक निवारक जाँच के क्रम में यह संज्ञान में आया कि एक रेलकर्मचारी रेलवे आवास आवंटित होने के बावजूद आवास भत्ता (HRA) का भुगतान प्राप्त कर रहा था। उसे छह महीने तक अनियमित रूप से आवास भत्ता का भुगतान किया जाता रहा। आश्चर्यजनक बात यह रही कि इस पूरी अवधि में कर्मचारी के वेतन से आवास-भाड़ा की कटौती की जा रही थी। इस तरह बिल-लिपिक ने आवास भत्ता का भुगतान भी किया और साथ ही आवास-भाड़ा की कटौती भी की। संबंधित कर्मचारी द्वारा यह भी तथ्य प्रशासन के संज्ञान में नहीं लाया गया। सतर्कता जाँच के उपरांत आवास भत्ता के अति-भुगतान की रिकवरी की गई। मामले में वेतन बिल से संबंधित कर्मचारियों एवं आवास भत्ता प्राप्त करने वाले कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

3. एन.आई.पी. में दिये गये दण्ड का क्रियान्वयन न होने के संबंध में

एक मंडल में निवारक जाँच में पाया गया कि संबंधित विभाग द्वारा विभागीय डीएआर के अनुपालन में दो कर्मचारियों के विरुद्ध एनआईपी जारी किया गया जिसमें उन्हें समान वेतनमान में दो स्टेज नीचे तीन वर्षों का संचयी प्रभाव का दण्ड का प्रावधान किया गया। परन्तु जाँच में पाया गया कि उन कर्मचारियों का वेतन कम नहीं किया गया एवं दण्ड क्रियान्वित नहीं किया जा सका। इस केस में संबंधित विभाग द्वारा एनआईपी में दिये गये दण्ड का इन्द्राज संबंधित कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में कर दिया गया एवं संबंधित कर्मचारियों के कैडर द्वारा भी सेवा पुस्तिका में वेतन कम करने का इन्द्राज कर दिया गया। इस केस में एक कर्मचारी के वेतन क्लर्क को एनआईपी की प्रति प्राप्त कराने के बाद भी दण्ड क्रियान्वित नहीं किया गया एवं दूसरे कर्मचारी के मामले में न तो विभाग द्वारा और न ही संबंधित कैडर द्वारा ही बिल क्लर्क को सूचित किया गया जिसके कारण दण्ड क्रियान्वित नहीं किया जा सका।

जाँच के पश्चात जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध उचित अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

4. वेतन एवं भत्तों के भुगतान में अनियमितता

पूर्व मध्य रेल के एक मंडल के अंतर्गत एक लोको पायलट श्री 'X' को

2. Irregularity in payment of HRA

During a preventive check conducted in one of the divisions, it was observed that a railway staff was being paid HRA despite living in a Railway Quarter allotted in his name. He was paid HRA in irregular manner for six months. Surprisingly, quarter rent was also being recovered from him during the period. Bill passing clerk allowed payment of HRA and at the same time also deducted quarter rent. Staff concerned also did not bring this anomaly to the knowledge of administration. After vigilance check over payment of HRA amount was recovered. In the case Disciplinary action has been recommended against salary bill processing officials and concerned staff.

3. Non implementation of NIP

Preventive check in a division revealed that in a departmental DAR case NIP imposing a punishment of reduction of pay by two stages for three years with cumulative effect was issued against two railway employees. Investigation revealed that pay of the concerned railway employees was not reduced and thus the punishment was not implemented. In this case it was also found that entry of NIP in service record was done and even entry indicating pay reduction was also made in the service records. It came to notice that in case of one of the employees pay bill clerk had received the copy of NIP but did not effect it while in another case, neither the department nor the cadre section handed over copy of NIP to pay bill section as a result punishment could not be implemented.

After investigation disciplinary action against responsible staff has been recommended.

4. Irregularity in payment of pay & allowances

A complaint regarding irregular payment of pay and allowances

किए गए अनियमित वेतन व भत्तों के भुगतान से संबंधित एक परिवाद इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। इसकी जाँच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित कर्मचारी को सितम्बर-11 में जो वेतन व भत्तों का भुगतान किया गया वह इसके द्वारा किए गए वास्तविक कार्य के अनुसार नहीं था। वह 11.8.11 से 24.8.11 तक अनुपस्थित था और इडुकेटर रजिस्टर व शेड नोटिस के अनुसार इस अवधि में कोई कार्य उनके द्वारा निष्पादित नहीं किया गया था। परंतु वे इस अवधि का पूरा वेतन (रनिंग भत्ता सहित) पाये। इस कार्यालय को परिवाद प्राप्त होने से पहले ही कर्मचारी श्री 'X' रेल सेवा से निवृत्त हो चुका था। यह देखा गया कि क्रू लॉबी के कर्मचारी द्वारा लोको पायलट श्री 'X' के पक्ष में तैयार किये गये गलत पोस्टिंग बुक के आधार पर भुगतान किया गया। पोस्टिंग बुक तैयार करने का कार्य एक से अधिक स्टाफ द्वारा किया जाता था परंतु इनके बीच कार्य का निर्धारण नहीं था। इस यूनिट के पर्यवेक्षक द्वारा पोस्टिंग बुक जिसके आधार पर रनिंग कर्मचारियों को वेतन व भत्तों का भुगतान किया जाता है, को तैयार करने में लगे स्टाफ के लिए किसी प्रकार का ड्यूटी लिस्ट तैयार/जारी नहीं किया गया था।

इस मामले में, अनियमित भुगतान की वसूली नहीं की जा सकी, क्योंकि स्टाफ जो कि अनियमित भुगतान पाया वह रेल सेवा से निवृत्त हो चुका था। इस मामले में एक अराजपत्रित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

5. शक्ति नियंत्रक/क्रू-कंट्रोलर के चयन में अनियमितता

एक परिवाद में परिवादी द्वारा यह आरोप लगाया कि एक मंडल में लोको पायलटों से लोको निरीक्षक के पद पर पदोन्नति में अनियमितता हुई है। इसमें चयनित सभी उम्मीदवार लगभग 1997/1998 से मंडल के नियंत्रक कक्ष में कार्य कर रहे हैं। नियंत्रक कक्ष में ही कार्य करते हुए सभी की पदोन्नति सहायक लोको पायलट से लोको पायलट मालगाड़ी में तथा ड्राफ्टैड शक्ति नियंत्रक में हुई। परिवादी द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि लोको निरीक्षक के पद पर अंतिम रूप से चयनित सभी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए पात्र नहीं थे क्योंकि इनका ड्राफ्टैड शक्ति नियंत्रक बनाया जाना ही गलत था।

इस केस के जाँच में पाया गया कि मंडल में लोको निरीक्षक के चयन में RBE No. 51/2009 के निर्देशों का पालन किया गया है तथा इस चयन

to a Loco Pilot 'X' under a division of ECR was received in this office. During investigation of the same it was found that payment of pay and allowances for the month of Sept-11 as done to 'X' was not as per his actual duty. He was absent for the period from 11.8.11 to 24.8.11 and no duty was performed by him during this period as per educator register as well as shed notice. However, he was paid full salary including running allowance for the period. By the time the complaint was received 'X' had already retired from Railway service. It was observed that payment of ALPs was processed by the officials of the crew lobby by preparing wrong posting book in favour of 'X'. The work of preparing posting book was being carried out by more than one staff and but there was no demarcation of duties between these staff. There was no duty list issued/made by the In-charge of this unit for the work of preparing posting book of running staffs on the basis of which pay and allowances was processed.

In this case, recovery of irregular payment could not be done as the said staff who received the irregular payment had already retired from railway service. Disciplinary proceeding against a NG staff has been recommended in the case.

5. Irregularity in selection of power/crew controller

In a complaint it was alleged that irregularity occurred in a division in promotion from Loco Pilots to Loco Inspectors. All the selected candidates were working in divisional control office from 1997/98 onwards. While working in control they were promoted from Assistant Loco Pilots to Loco Piolts/Goods and later to drafted crew controllers. Complainant alleged that all the candidates selected as Loco Inspectors were not eligible for this selection as their drafting into crew controllers was wrong.

Investiagtion revealed that in selection of Loco Inspectors instructions of RBE 51/2009 were followed and there was no

में कोई अनियमितता नहीं थी। परन्तु, इसके पूर्व मंडल द्वारा शक्ति नियंत्रक/क्रू-नियंत्रक के पद पर कार्य करने हेतु एक अधिसूचना जारी किया गया था। जारी किये गये अधिसूचना के अनुसार इस पद के लिये अर्हक पात्रता चालक की कोटि में तीन वर्ष के कार्य का अनुभव था, परन्तु इस छान परीक्षा में वैसे उम्मीदवारों को भी शामिल किया गया जिन्हें चालक के रूप में तीन वर्ष का अनुभव नहीं था तथा उन्हीं अयोग्य लोको पायलटों को शक्ति/क्रू-नियंत्रक की छान परीक्षा में उत्तीर्ण भी घोषित किया गया। इस केस में यह पाया गया कि तदुपरांत लोको निरीक्षक के पद पर उत्तीर्ण सभी उम्मीदवार वही थे जिन्हें पूर्व में गलत ढंग से ड्राफ्टैड शक्ति नियंत्रक बनाया गया था। इस तरह यह तथ्य सामने आया कि यद्यपि लोको निरीक्षक के पद हेतु चयन में शक्ति/क्रू-नियंत्रक पात्र थे और उनका चयन भी हुआ परंतु, ये कर्मचारी अपने पूर्व पद अर्थात् शक्ति/क्रू-नियंत्रक बनने हेतु अपात्र थे। इस मामले में जिम्मेदार रेलकर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

हालांकि, परिवादी द्वारा एक परिवाद इस चयन के संबंध में माननीय न्यायालय CAT/Patna में भी दायर किया गया है तथा यह मामला अभी न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

6. पात्रता से ऊँची श्रेणी का मानार्थ पास जारी किया जाना

एक परिवाद में परिवादी ने आरोप लगाया कि एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात् रिक्लासिफिकेशन/अपग्रेडेसन का लाभ देने हेतु पैसे की माँग की गई साथ ही उनसे रुपया लेने के बाद प्रथम श्रेणी का मानार्थ विधवा पास जारी किया गया।

इस केस के जाँच में पाया गया कि संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारी को रिक्लासिफिकेशन/अपग्रेडेसन का लाभ 22 वर्ष पूर्व ही दिनांक 15.01.88 को ही दिया जा चुका है और इस तथ्य की पुष्टि उनके सेवा पुस्तिका में दर्ज प्रविष्टि से भी होती है, अत: आरोप गलत था। मानार्थ पास के जाँच में यह पाया गया कि संबंधित कर्मचारी सेवा काल में द्वितीय श्रेणी दर्जे के पास के ही हकदार थे। नियमानुसार संबंधित कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पश्चात् भी द्वितीय श्रेणी पास के ही पात्र होंगे। परंतु इस मामले में द्वितीय श्रेणी के बजाय प्रथम श्रेणी का मानार्थ विधवा पास जारी किया गया। इस प्रकार इस केस में परिवादी का मानार्थ पास संबंधित आरोप पुष्ट हुआ और पास जारी करने वाले कर्मचारी पर कार्यवाही की गई है।

irregularity in this selection. But, prior to selection of Loco Inspectors notification for post of power/crew controllers was issued by the division. As per this notification for the post of power/crew controllers three years of experience as Loco Pilots was essential. But, in this selection those candidates who didn’t have three years of experience as Loco Pilots were also allowed and finally empanelled too as controllers. It was found that subsequently all these wrongly drafted controllers got selected and promoted as Loco Inspectors. Responsible staff are being taken up under disciplinary proceedings.

Meanwhile, complainant has also filed a case in CAT/Patna on this selection. The case is subjudice under court.

6. Issue of complimentary pass of class higher than the entitlement

A complaint was recieved alleging demand of money for giving benefit of reclassification/upgradation to a retired railway servant. It was also informed that first class complimentary pass was issued to widow after taking money.

Investigation of the case indicated that the benefit of reclassification/upgradation to concerned railway servant was given way back on 15-01-1988 i..e nearly 22 years before and the same was also endorsed in the service record also. Thus, allegation in this regard was not true. Investigation into the matter related to issue of post retirement complimentary pass revealed that railway servant during his service period was entitled for second class pass. As per rule the railway servant after retirement was eligible for second class pass only. However, in this case the widow of the railway servant was issued first class pass. Thus, allegation with respect to irregularity in issue of post retirement pass was substantiated and discilplinary action against responsible employee was initiated.

7. रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा एडमिट कार्ड जारी करने में अनियमितता

इस कार्यालय को 'Y' पद के लिखित परीक्षा के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी किए गए एडमिट कार्ड में अनियमितता के संबंध में एक परिवाद प्राप्त हुआ। इसकी जाँच के दौरान, यह पाया गया कि इस परीक्षा से संबंधित पूर्व परीक्षा कार्य बाहरी एजेंसी द्वारा किया गया था और संबंधित एजेंसी द्वारा लिखित परीक्षा की पात्रता की प्रारंभिक जाँच किए बिना सभी अभ्यर्थियों को, समुदाय की परवाह किए बगैर, एडमिट कार्ड जारी किए गए। भर्ती केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए था । इस प्रकार, आवेदनों की छंटनी से संबंधित रेलवे भर्ती बोर्ड मैनुअल के पैरा 206 एवं पूर्व परीक्षा कार्य के लिए एजेंसी के साथ किये गये करार में उल्लिखित निर्देशों/अनुदेशों का पालन नहीं हुआ और एजेंसी द्वारा संवीक्षा किये बगैर सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया। हालांकि रेलवे भर्ती बार्ड द्वारा संबंधित एजेंसी जो कि पूर्व-परीक्षा कार्य में सलंग्न था, को भुगतान नहीं किया गया। अध्यक्ष/रेलवे भर्ती बोर्ड को करार में निहित अनुदेशों का पालन नहीं किये जाने के लिए संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

रेलवे भर्ती बोर्ड मैनुअल के पैरा 206 में अस्वीकृत आवेदनों की जाँच की बात कही गयी है। लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी करने से पहले स्वीकृत आवेदनों की जाँच भी आवश्यक है। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा यह देखने के लिए की बाहरी एजेंसी द्वारा अयोग्य उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जा रहा है, नमूना जाँच किया जाना चाहिए। इसे देखते हुए, अध्यक्ष/रेलवे भर्ती बोर्ड को प्रणाली में सुधार लाने हेतु पत्र जारी किया गया है, ताकि इस प्रकार के नमूना जाँच के लिए उचित तंत्र विकसित एवं लागू किया जा सके।

8. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ के भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा अपनाये गये धोखाधड़ी का मामला

इस कार्यालय को आर.आर.सी/पटना द्वारा की जाने वाली भर्ती में एक अभ्यर्थी द्वारा धोखाधड़ी अपनाने से संबंधित एक परिवाद प्राप्त हुआ। इसकी जाँच के दौरान, यह पाया गया कि एक अभ्यर्थी श्री 'X' जोकि आर.आर.सी/पटना को रेलवे में भर्ती हेतु अपना आवेदन दिया था उसके द्वारा आर.आर.सी./विलासपुर को अपना दूसरा नाम 'Y' के रूप में भिन्न

7. Irregularity by RRB in issuance of admit cards

A complaint regarding irregularity by RRB in issuance of admit card of written examination for the post of 'Y' was received in this office. During investigation of the same, it was found that pre-examination work of this examination was done by the outside agency and Admit cards were issued by the said agency to all candidates, irrespective of the community, without preliminary check of eligibility for the written examination. The vacancies were notified for SC/ ST only. Thus, provisions/ instructions as contained in Para 206 of RRB Manual regarding Sorting of Applications and also incorporated in agreement executed for pre-examination work was not adhered to and admit cards were issued to all candidates by the agency without any scrutiny. However, no payment was made by RRB to the agency involved in the pre-examination work in question. The Chairman/RRB was asked to take necessary action against the agency for violation of provisions contained in agreement.

Para 206 of RRB manual prescribes check for rejected applications. There is a need to check accepted applications too prior to issue of admit card for written examination. Sample checks by RRB needs to be done to ensure that the outside agency is not issuing admit cards to ineligible candidates. In view of this, a system improvement letter has been issued to Chairman/RRB to devise and implement a suitable mechanism for such sample checks.

8. Fraudulent activity adopted by candidates in recruitment by RRC

A complaint regarding fraudulent activity adopted by candidates in recruitment by RRC/Patna was received in this office. During investigation of the same, it was found that a candidate 'X' who had submitted his application to RRC/Patna for recruitment in Railways had submitted his application to RRC/Bilaspur also

जन्मतिथि/शैक्षणिक दस्तावेज के साथ दिया गया है। जाँच के दौरान, आर.आर.सी./विलासपुर से 'Y' नाम के अभ्यर्थी का आवेदन एवं संलग्न दस्तावेज प्राप्त किया गया। अभ्यर्थी 'X' को आर.आर.सी/पटना में प्रमाणपत्रों की जाँच के दौरान विलासपुर से प्राप्त दस्तावेजों से सामना कराया गया। आर.आर.सी/पटना एवं आर.आर.सी./विलासपुर को दिये गये आवेदनों पर लगे फोटो समान थे। संबंधित अभ्यर्थी द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके द्वारा अलग नाम/जन्मतिथि एवं भिन्न शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर भिन्न आर.आर.सी. को रेलवे में भर्ती हेतु आवेदन दिया है। दोनों आर.आर.सी. को इस अभ्यर्थी के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के लिए सलाह दी गई है।

9. जाली दस्तावेज के आधार पर रेलवे में नौकरी लेना

(क) सेवानिवृत्ति के लिए निर्धारित आयु सीमा के बाद भी एक रेलवे कर्मचारी श्री 'X' के सेवा में बने रहने से संबंधित एक परिवाद इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। जाँच के दौरान यह पाया गया कि स्रोत/दस्तावेज अर्थात् स्थानांतरण प्रमाणपत्र जिसके आधार पर श्री 'X' की सेवा पुस्तिका में उनकी जन्मतिथि 1.12.53 दर्ज है, वह संबंधित स्कूल द्वारा जारी नहीं किया गया था। इस बात का भी पता चला कि श्री 'X' की जन्मतिथि अन्य स्कूल में 1.8.47 दर्ज था जिसकी पुष्टि जाँच के दौरान संबंधित स्कूल द्वारा किया गया। इसे देखते हुए श्री 'X' जाली स्थानांतरण प्रमाणपत्र के आधार पर रेलवे में नौकरी पाने एवं यह तथ्य की उनके द्वारा एक अन्य स्कूल जहाँ उनकी जन्मतिथि 1.8.47 दर्ज है, पढ़ाई की है को छुपाने के लिए दोषी पाये गये। श्री 'X' के विरुद्ध पाये गये दुराचार के लिए दीर्घशास्ति अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गयी है।

(ख) जाली शैक्षणिक दस्तावेज के आधार पर श्री 'Y' द्वारा रेलवे में नौकरी पाने से संबंधित एक परिवाद इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। जाँच के दौरान यह पाया गया कि स्रोत/दस्तावेज अर्थात् स्थानांतरण प्रमाणपत्र जिसके आधार पर श्री 'Y' की सेवापुस्तिका में उनकी जन्मतिथि 9.2.54 दर्ज है, वह संबंधित स्कूल द्वारा जारी नहीं किया गया था। श्री 'Y' जाली स्थानांतरण प्रमाणपत्र के आधार पर रेलवे में नौकरी पाने का दोषी पाये गये। श्री 'Y' के विरुद्ध पाये गये दुराचार के लिए दीर्घशास्ति अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गयी है।

with different name 'Y' with different date of birth/set educational documents. During investigation the application of candidate naming 'Y' was collected from RRC/Bilaspur along with all other documents. The candidate named 'X' during his VOC at RRC/Patna was confronted on the basis of documents obtained from RRC/Bilaspur. Photograph on applications at RRC/Bilaspur and RRC/Patna were same. It was admitted by the candidate in question that he has applied for recruitment in railways at different RRCs using different name/date of birth and different set of educational documents. Both the RRCs were advised to take necessary action against the said candidate.

9. Getting job in Railway on fake document

(i) A complaint against a staff Shri 'X' regarding his continuance in service beyond age of superannuation was received in this office. During investigation, it was found that the source/document i.e. Transfer certificate on the basis of which the date of birth of Shri 'X' had been recorded in his Service Record as 01.12.1953 was not issued by the concerned school. It also came to notice that date of birth of Shri 'X' was recorded as 01.08.1947 in the record of another school which was also confirmed by the school during investigation. In view of the same, Shri 'X' was found responsible for getting his job in railway on the basis of Transfer Certificate which was not genuine and concealing the fact that he had studied at another school where his date of birth was recorded in admission register as 01.08.1947. A Major penalty disciplinary proceeding against Shri 'X' is recommended for misconduct found on his part.

(ii) A complaint against a staff Shri 'Y' alleging that his employment in railways is on the basis of fake educational certificate was received in this office. During investigation of the same, it was found that the source/document i.e. Transfer certificate on the basis of which the date of birth of Shri 'Y' was recorded in his Service Record as 09.02.1954 had not been issued by the concerned school. Shri 'Y' was found responsible for getting his job in railway on the basis of fake Transfer Certificate.A major penalty disciplinary proceeding against Shri 'Y' is recommended for misconduct found on his part.

10. रेलवे क्वॉटर का 34 वर्षों तक अनधिकृत कब्जा

एक मंडल में निवारक जाँच के दौरान यह प्रकाश में आया कि एक रेलवे क्वार्टर एक रेल कर्मचारी को आवंटित किया गया था। संबंधित रेलवे कर्मचारी रेल सेवा से वर्ष 1980 में ही सेवानिवृत्त हो गया, किन्तु उसका लड़का एवं उसका परिवार संबंधित रेलवे क्वार्टर में अनधिकृत रूप से सतर्कता जाँच की तिथि तक निवास करते रहे। संबंधित रेलवे क्वार्टर को 34 वर्षों तक सतर्कता विभाग के दखल के उपरांत ही अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराया जा सका।

जाँच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि संबंधित कर्मचारी को उसके सेवानिवृत्ति के समय ही बगैर रेलवे क्वार्टर को खाली करवाए ही डी.सी.आर.जी एवं समापक राशि का भुगतान कर दिया गया था। जाँच के उपरांत इंजीनियरिंग विभाग के जिम्मेवार कर्मचारियों के विरुद्ध रेलवे क्वार्टर के अनधिकृत कब्जे को 34 वर्षों के लंबे समय तक पता नहीं लगा पाने के कारण उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की सिफारिश की गई है। सतर्कता जाँच के उपरांत, मंडल द्वारा डैमेज रेन्ट की वसूली के लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मंडल को विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में एक विशेष अभियान चलाकर रेलवे क्वार्टर के अनधिकृत कब्जे का पता लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

11. मृत ग्रुप 'D' रेल कर्मचारी के आश्रित को एरियर भुगतान में अप्रत्याशित विलंब

एक मंडल में निवारक जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि एक मृत रेल कर्मचारी के आश्रित विधवा को वेतन एरियर का भुगतान विगत 11 वर्षों से लंबित है। वर्ष 2003 में वेतन-निर्धारण के बावजूद भुगतान आज तक नहीं हो पाया। जाँच में यह भी ज्ञात हुआ कि उस अवधि के पेड वाउचर नष्ट किये जा चुके हैं और इस वजह से भुगतान में और भी विलंब हो रही है। इस मामले में फील्ड कार्यालय द्वारा वेतन-विपत्र भुगतान हेतु मंडल कार्यालय को भेजा गया था। मंडल कार्यालय में उक्त मिसिल एवं बिल दोनों खो गये। अत: बिल पुन: तैयार करना था और इस कार्य में हर स्तर पर विलंब हुआ। जाँच उपरांत एरियर भुगतान हेतु बिल बनाने में हुए विलंब के लिये जिम्मेदार कर्मचारियों पर अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

10. Unauthorised occupation of quarter for 34 years.

During a preventive-check conducted in one of the divisions, it was noticed that a Railway quarter was allotted to a Railway employee. The concerned Railway employee retired from the Railway service way back in the year 1980, but his son and his family members continued to occupy the Railway quarter unauthorisedly till the day of vigilance check. The said Railway quarter was vacated from the unauthorised occupation after a period of 34 years only after intervention of vigilance.

During the investigation, it also came to notice that DCRG and Settlement payment to the employee who was occupying the quarter was already paid at the time of his retirement without ensuring vacation of the Railway quarter. After investigation, D&AR action has been recommended against the responsible staff of Engineering department for not detecting the unauthorised occupation of the said quarter for such a long period of 34 years. After vigilance check action for recovery of damage rent has been initiated by the division. Division was also advised to launch a special drive in all the Railway colonies to detect the unauthorised occupation of Railway quarters.

11. Exceptional delay in payment of arrear of pay to dependant of expired Gr- 'D' Railway Servant

A preventive check conducted in one of the divisions revealed that payment of arrear pay to the dependent of a expired Railway employee is pending for last 11 years. Though pay fixation was done in 2003, the payment has still not been done. During investigation it also came to notice that original paid vouchers of the period was already destroyed and this is likely to delay arrear payment further. It was found that bill for payment was prepared by the field unit and sent to divisional office for vetting and payment. In the division the case file and bill was lost. Subsequently bill has to be prepared again and delay took place at every stage. After investigation, Disciplinary proceedings has been recommended against staff responsible for late preparation of bill for the arrear – payment.

12. रोकड़ प्रेषण में देरी

एक मंडल में स्टेशन 'X' के बुकिंग कार्यालय में रोकड़ प्रेषण में देरी से संबंधित एक निवारक जाँच किया गया था। जाँच के दौरान, 1.6.13 से 13.6.13 तक की अवधि का रोकड़ प्रेषण का जाँच किया गया था। जाँच के दौरान यह पाया गया कि स्टेशन 'X' की आय नियमित रूप से मंडल रोकड़ कार्यालय को निर्धारित गाड़ी के तिजोरी द्वारा नहीं प्रेषित किया जा रहा था और उसे सामान्य तौर पर 04-05 दिनों के लिए रोक लिया जाता था। इस संबंध में, बुकिंग पर्यवेक्षक का यह कहना कि रोकड़ थैला उपलब्ध नहीं था क्योंकि इसे दूसरे स्टेशन द्वारा रास्ते में प्रयोग कर लिया जाता था, सही नहीं पाया गया। इस अवधि में उपयोग में लाए गए रोकड़ थैलों की संख्या की जाँच के दौरान यह देखा गया कि सभी रोकड़ थैले नियमित अंतराल पर उपयोग में थे और इस अवधि के दौरान कम से कम दो बार अवश्य उपयोग में लाए गए थे। स्टेशन 'X' के बुकिंग पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गई।

**WHEN YOU COME OUT OF THE STORM
YOU WON'T BE THE SAME PERSON
THAT WALKED IN.
THAT'S WHAT THE STORM IS ALL ABOUT.**

✶

**NONE CAN DESTROY IRON BUT ITS OWN
RUST CAN, LIKEWISE NONE CAN DESTROY
A PERSON BUT HIS OWN MINDSET CAN!
OUR THOUGHTS CAN CHANGE OUR LIFE.**

RATAN TATA

12. Delay in remittance of cash

A preventive check was conducted at Booking office of Station 'X' in a division on the aspect of delay in Remittance of cash. During the check, cash remittance pertaining to the period of 1.6.13 to 13.6.13 was checked. During investigation, it was found that Station earnings of 'X' station had not been sent to Divisional cash office regularly by the scheduled train carrying the T/C safe and the same was retained for 04-05 days as a matter of routine. In this regard, the statement of the Booking Supervisor of said station that the cash bag was not available as the same was used by other stations on the way found not true. Scrutiny of number of cash bags used during the period in question revealed that they were in regular rotation and all cash bags were being used at least twice during the said period. Disciplinary proceedings against the Booking Supervisor of Station 'X' was recommended.

**ELIMINATE AS MUCH NEGATIVE
FROM YOUR LIFE AS YOU CAN.
FOCUS ON THE POSITIVES AND BE
THANKFUL FOR EVEN THE
SMALLEST BLESSINGS.**

✶

**IF YOU SALUTE YOUR DUTY, YOU NEED
NOT SALUTE ANYBODY. BUT IF YOU
POLLUTE YOUR DUTY, YOU NEED TO
SALUTE EVERYBODY.**

A.P.J. ABDUL KALAM

अभियंत्रण

- जेड. ए. मल्लिक,
सताधि/इंजी.

1.0 यार्ड में सीटीआर (एस) के कार्य हेतु प्रस्ताव, प्राक्कलन और निविदा अनुसूची बनाने में अनियमितताः-

शिकायती मामले के अन्वेषण के दौरान यह पाया गया था कि क्षेत्र के अधिकारियों से विस्तृत सत्यापन कराये बिना ही यार्ड के सीटीआर (एस) कार्य का प्रस्ताव पीडब्ल्यूपी में शामिल करने हेतु मण्डल द्वारा प्रस्तावित किया गया। यही नहीं, जो कार्य किया जाना था उसका विस्तृत प्राक्कलन एवं निविदा आमंत्रण के चरण पर कार्य स्थल से सत्यापन भी नहीं किया गया और तद्नुसार निविदा आमंत्रित कर दिया गया।

यद्यपि इंजीनियरिंग संहिता का पारा-703 और 720 निर्दिष्ट करता है कि विस्तृत प्राक्कलन उचित विवरण के साथ तैयार होना चाहिए। उपरोक्त के अतिरिक्त, आईआरपीडब्ल्यूएम का पारा-304 भी निर्दिष्ट करता है कि सहायक इंजीनियर द्वारा रेलपथ नवीकरण प्रस्तावों को मण्डल इंजीनियर को भेजा जाना है। इसके अलावा, रेलवे बार्ड के पत्रांक 94/सीई-I/सीटी/4 दिनांक 17.10.02, द्वारा जारी सुधीर चन्द्रा समिति की रिपोर्ट की अनुशंसा के पैरा 5.3.1 भी निर्दिष्ट करता है कि 'पूर्ण सावधानीपूर्वक संहिता में दी गयी मौजूदा प्रावधानों का पालन करते हुए, प्रशासनिक निर्देशों के असफल हुये बिना, विस्तृत क्षेत्र निरीक्षण के बाद तथा मृदा अन्वेषण के बाद ही निविदा अनुसूची तैयार किया जाना है, जहाँ तक संभव हो कार्यों के निष्पादन के दौरान किसी भी नये मद लाने की आवश्यकता का समापन करें।'

इस प्रकार, प्रस्ताव की शुरुआत, विस्तृत प्राक्कलन की तैयारी और निविदा आमंत्रण हेतु अनुसूची तैयार करने के प्रत्येक चरणों पर क्षेत्र से विस्तृत संग्रह होना चाहिए जो कि इस मामले में नहीं किया गया था।

